दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली। बुधवार 26 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 94 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







### दिल्ली सीएम ने बजट भाषण में केजरीवाल पर जमकर साधा निशाना, कहा-

# 'आपने शीशमहल बनाया हम गरीबों के घर बनाएंगे'

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीजेपी सरकार ने मंगलवार को अपना पहला बजट पेश किया। सरकार ने दिल्ली के लिए एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस दौरा मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने 'शीशमहल' के मुद्दे पर केजरीवाल को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि आपने अपने लिए शीशमहल बनाया और हम गरीबों के लिए मकान बनाएंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट भाषण के दौरान कहा, हमारे और उनके ( आम आदमी पार्टी ) बीच बहुत अंतर है। आपने ( आप ) अपने लिए शीशमहल बनाया हम गरीबों के लिए मकान बनाएंगे। आपने लाखों रुपये के टॉयलेट की सीट लगवाईं, हम झुग्गी-बस्तियों में लोगों के लिए शौचालय बनवाएंगे। आपने जनता के पैसे को अपनी सुख-सुविधाओं पर खर्च किया, हम उस पैसे से दिल्ली के लिए अस्पताल, स्कूल और सड़कें बनाएंगे।'



**'केजरीवाल पर कसा तंज'** : सीएम रेखा ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए उन्हें 'दिल्ली का मालिक और 'प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाला कहकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि वह ( केजरीवाल ) दिल्ली का मालिक बनकर जगह-जगह कूदते रहे, प्रधानमंत्री बनने का सपना देखते रहे। आपने अन्य राज्यों की सरकारों को गालियां दीं, हम सामंजस्य बनाकर काम करेंगे।

**वादे पूरा न करने का आरोप लगाया** : सीएम रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर वादे करने और उन्हें पूरा न करने का आरोप लगाया, जबकि अपनी सरकार को 'वादे निभाने वाली' बताया। उन्होंने कहा, 'आप केवल वादे करते थे, हम वादे निभाते हैं। आपने दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने का सपना दिखाया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। आपने बातें बनाईं, हम विकसित दिल्ली बनाएंगे।'

**'आपने प्रशासन का गलत इस्तेमाल किया'** : मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी पर दिल्ली के टैक्स के पैसे को गलत जगहों पर खर्च करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'आपने दिल्ली का राजस्व पूरे देश में विज्ञापनों पर और अन्य राज्यों में चुनाव लड़ने पर खर्च किया। आपने जनता के टैक्स के पैसे से अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं पूरी कीं।' सीएम ने अअढ के शासन को प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार से भरा बताया। उन्हंने कहा, 'आपने प्रशासन का गलत इस्तेमाल किया, हम सामंजस्य के साथ काम करेंगे। आप हाथ की सफाई जानते थे, हम कूड़े की सफाई करेंगे।'

**शिक्षा के मुद्दे पर आप को घेरा** : शिक्षा के मुद्दे पर गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में लोगों को गुमराह कर रही थी। उन्होंने आरोप लगाया, ह्यआप सरकार 9वीं और 11वीं कक्षा में कई छात्रों को उत्तीर्ण कर दिया ताकि उनके 10वीं और 12वीं के नतीजे बेहतर दिखें ।शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए सरकार ह्यपीएम


संबंधित खबर, पृष्ठ 2


# वर्किंग रैंकिंग में गाजियाबाद के सभी थाने आए नंबर वन

### मुरादनगर रहा टॉप और लिंक रोड, महिला थाना और कवि नगर ने सुधारी रैंकिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 25 के 25 थाने वर्किंग और अन्य कैटिगरी के मामले में अव्वल आए हैं। प्रदेश में गाजियाबाद के सभी थानों की रैंकिंग वर्किंग में वन पर आई है। इसके साथ ही गाजियाबाद की 25 थानों की लिस्ट में सबसे टॉप पर मुरादनगर थाना है, जो छत प्रतिशत अंक पाकर टॉप रैंक पर छाया है। तो वहीं लिंक रोड थाना, महिला थाना, कवि नगर और मसूरी की वर्किंग रैंकिंग में भी सुधार देखने को मिला है।




#### टॉप 10 में सिटी और देहात अव्वल

**करंट क्राइम :** 25 थानों की जो टॉप रैंकिंग वाली रिपोर्ट आई है। इसमें सिटी और देहात जोन के थानों की वर्किंग गुणवत्ता काफी बेहतर आई है। नंबर एक पर जहां मुरादनगर थाना है। तो वहीं मोदीनगर थाने की रैंक दसवीं है, अगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सिटी जोन के टॉप 10 थानों की बात की जाए तो इसमें कवि नगर और घंटाघर कोतवाली शामिल है। तो वहीं नदिया पार का लिंक रोड, कौशांबी और खोड़ा थाना आया है। इसके साथ ही देहात जोन के थानों में मोदीनगर, मसूरी, महिला थाना, भोजपुर व मुरादनगर शामिल हैं।

#### विजयनगर और साहिबाबाद फिर रहे बॉटम फाइव में

करंट क्राइम : इस लिस्ट में जहां 25 थानों की वर्किंग नंबर एक रही है। उन्हें 100 में 100 अंक मिले हैं, पर फिर भी बॉटम फाइव वाली लिस्ट में सबसे निचले क्रम पर विजयनगर, फिर साहिबाबाद, इंदिरापुरम, ट्रोनिका सिटी और मधुबन बापूधाम थाने का नाम शामिल रहा है।

### पूर्व अध्यक्ष ने निवर्तमान अध्यक्ष का नाम लेकर मौजूदा अध्यक्ष के लिए खींची कौन-सी रेखा

# कहा, पहले वालों ने जो किया उससे भी बढ़कर करना है

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में अपने-अपने तरीके से सभी अपनी बात करते हैं। वर्तमान वालों के सामने हमेशा एक चुनौती और बड़ा करने की होती है। कुछ ऐसा ही हुआ जब एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने निवर्तमान महानगर अध्यक्ष का नाम लेकर वर्तमान अध्यक्ष के सामने एक लंबी लाइन खींच दी।



किस्सा एक कार्यक्रम के दौरान का है और राजनीति में परफॉर्मेंस सबसे बड़ा तराजू होती है। खास बात ये है कि जब दो लोगों के बीच तुलना होती है तो इस तुलना से ही वर्गीकरण होता है और पहले वालों से इन वालों की तुलना होती है और इन वालों से उन वालों की तुलना होगी। भाजपा में सभी ने अपना-अपना सहयोग दिया है और यही एक परिपाटी है जिसमें एक-एक ईंट सबकी मेहनत की लगी है, तभी ये पार्टी इतना विशाल स्वरूप ले पाई है। गाजियाबाद की भाजपा में महानगर अध्यक्ष पद पर मयंक गोयल की ताजपोशी हुई है और पहले दिन से ही यहां भाजपा के नेता अलग-अलग मंचों पर इस बात को कह चुके हैं कि महानगर अध्यक्ष रहते हुए संजीव शर्मा ने एक अलग पहचान स्थापित की। उन्होंने अपने पांच साल के कार्यकाल में उपलब्धियों का एक पूरा रिपोर्ट कार्ड तैयार किया। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक के सफल कार्यक्रम हुए। निगम चुनाव में पहले के मुकाबले भाजपा ने अधिक सीटें जीतीं और यही वजह है कि अब जब नई पारी शुरू हुई तो मंच पर वक्ता अक्सर उनके कार्यकाल की चर्चा करते हैं और ये कहना नहीं भूलते हैं कि संजीव शर्मा ने एक लंबी लाइन खींची है। एक बार फिर इस लंगी लाइन का जिक्र हुआ। सूत्र बताते हैं कि सुशासन वालों के कार्यक्रम में जब मंच पर माइक भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी को मिला तो उन्होंने यहां सभी बातों का जिक्र किया और मानसिंह गोस्वामी ने ये कहा कि पूर्व अध्यक्ष ने एक बड़ी लाइन, खींची हैं और ये वर्तमान वालों के सामने है कि वो इस लाइन को और कितना लंबा करते हैं। यहां पूर्व महानगर अध्यक्ष ने निवर्तमान महानगर अध्यक्ष की कार्यशैली की, उनकी उपलब्धियों की, उनके व्यवहार की प्रशंसा की और एक तरह से वर्तमान वालों को प्रेरित किया कि वो भी और अधिक अच्छे काम करें, सफल कार्यक्रम आयोजित करें और अपने व्यवहार से, अपने कार्य से इस लाइन को और लंबा करें।

# 30-31 मार्च को सामान्य दिनों की तरह खुलेंगे बैंक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 30 मार्च का रविवार है और 31 मार्च को ईद उल फितर का त्यौहार होने के कारण साप्ताहिक एवं सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की ईयर एंडिंग होनी है।




इसी कारण 31 मार्च को अत्यधिक लेनदेन और बैंक से संबंधित काम हो जाता है। इसीलिए शासकीय कार्य करने की बैंक शाखों और कोषागार को 30 और 31 मार्च को खोलने का निर्देश अधिकारियों के द्वारा दिया गया है। इसके साथ ही 30 और 31 मार्च को कार्यालय कोषागार गाजियाबाद, भारतीय स्टेट बैंक राजनगर गाजियाबाद और मोदीनगर के सभी बैंक कार्य दिवसों की तरह खुलेंगे। यहां प्रतिदिन की तरह काम होगा। सार्वजनिक और साप्ताहिक अवकाश होने के बावजूद भी इस दिन बैंक खोले जाएंगे ताकि ईयर एंडिंग के सभी कार्य निपटाए जा सके और अगले वित्तीय वर्ष के लिए बैंक प्रशासनिक और वित्तीय स्तर की सभी तैयारियों को पूरा कर सकें। इस सूचना को बैंक के अधिकारियों और उनके ग्राहकों तक पहुंचाने का काम किया गया है ताकि 30 और 31 तारीख को अवकाश होने की स्थिति का भ्रम ग्राहकों और बैंक कर्मचारियों के बीच ना पैदा हो।

# 2029 तक अर्थव्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश बनेगा नंबर वन : नरेंद्र कश्यप

## यूपी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर बोले स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप स्वास्थ्य सेवाएं और सुशासन बन रहा है प्रदेश की पहचान

### यूपी के मंत्री ने गिनवाई उत्तर प्रदेश सरकार के बेहतर कार्यों की लिस्ट

**8 साल बेमिसाल**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का 8 साल का समय हो चुका है। बीते 8 सालों के कार्यों को लेकर अब सरकार जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी। इसी कड़ी में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा है कि बीते 8 सालों में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। वहीं रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। वहीं हवाई सेवाओं से लेकर एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। कश्यप ने कहा कि जनता के बीच अब सरकार अपने कामों को रखने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसका संगठन केवल काम ही नहीं करता वह राष्ट्र निर्माण के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि कोरोना के काल में भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी और संगठन के लोग सड़कों पर थे। साथ ही उन्होंने कहा कि वह ओबीसी मोर्चे की भी कमान संभालते हैं। वहां पर भी अभूतपूर्व काम कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि सुशासन को लेकर पिछले 8 सालों में उत्तर प्रदेश की स्थिति बहुत बेहतर हुई है। यूपी के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश की जो अर्थव्यवस्था योगी सरकार से पहले सातवें नंबर पर थी, वह अब नंबर दो पर आ गई है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य है कि 2029 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पहले नंबर पर पहुंचाया जाए। नरेंद्र कश्यप ने इसके साथ ही कानून व्यवस्था की व्यवस्था सुरक्षित और भय मुक्त प्रदेश होने का दावा किया है। तो वहीं कृषि, ग्रामीण, गरीबी रेखा से लेकर उच्च आय वर्गों वाले लोगों का भी ख्याल रखने का काम कर रही है।




### मंत्री बोले 8 सालों में 8.5 लाख नौजवानों को नौकरी मिली



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि बीते 8 सालों के दौरान उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ वाली सरकार ने 8.5 लाख नौजवानों को नौकरी देने का काम किया है। वहीं 60 लाख नौजवानों को प्राइवेट सेक्टर के जरिए भी रोजगार और नौकरी उपलब्ध कराई गई हैं ताकि वह अपने जीवन को ठीक प्रकार से संचालित कर सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि तमाम तरीके की परीक्षाओं को भी बेहतर ढंग से करने का प्रयास सरकार द्वारा कराया जा रहा है।

### उद्योग स्थापना में बड़ी सफलता मिली

करंट क्राइम : यूपी के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सरकार के 8 सालों की उपलब्धि गिनाते हुए बताया है कि उद्योग स्थापना में भी उत्तर प्रदेश बड़ी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा है कि 41 देशों ने बीते 8 साल के दौरान 25000 करोड़ का निवेश किया है। तो वहीं 45000 करोड़ के समझौते भी किए गए हैं। जिससे आर्थिक स्तर पर उत्तर प्रदेश को मजबूती और नई पहचान मिली है। साथ ही उन्होंने बताया है कि 15 लाख करोड़ का निवेश भी बीते 8 सालों के दौरान उत्तर प्रदेश में हुआ है।

### गाजियाबाद को भी मिली है कई महत्वपूर्ण योजनाएं

करंट क्राइम : गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया, तो वहीं उन्होंने यह भी बताने का काम किया कि गाजियाबाद जैसे बड़े जिले को तमाम योजनाएं और लाभ मिले हैं। उन्होंने बताया है कि जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट रैपिड मेट्रो रेल की शुरूआत गाजियाबाद में की गई है। फिर इसे साहिबाबाद टू मेरठ का विस्तार दिया गया है। उन्होंने कहा है कि इसके शुरू होने से पश्चिम उत्तर प्रदेश को नई सौगात मिली है। यहां पर्यटन से लेकर पर्यावरण और रोजगार से लेकर लोगों को आने-जाने का बेहतर विकल्प और सुविधा मिली है।

### हिंडन एयरपोर्ट से शुरू हुई नई उड़ाने, जारी हैं और भी प्रयास

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि मोदी और योगी ने न सिर्फ देश भर में स्वास्थ्य, सड़क और पर्यटन के क्षेत्र में काम किया है। तो गाजियाबाद में हिंडन एयरपोर्ट से जो नई उड़ाने शुरू की गई हैं उसका लाभ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि जिस तरीके से बेंगलुरु, जम्मू कश्मीर और चेन्नई के साथ ही राजस्थान में तो आने वाले समय में लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज और अयोध्या की उड़ान शुरू होंगी। तो उसका भी लाभ यहां के लोगों को मिलना तय है।

### अयोध्या, काशी और मथुरा को मिलेगी नई पहचान

करंट क्राइम : स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि जिस प्रकार से अयोध्या में भगवान में श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। तो आज राम मंदिर की चर्चा पूरे विश्व में शुरू हो गई है। पूरे विश्व के लोग यहां दर्शन करने आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि अब सरकार काशी और मथुरा को विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने का काम करेगी। इसके लिए पूरा मैप तैयार कर लिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में भी प्राचीन शिव मंदिर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में कॉरिडोर का बनाया जाना नई दिशा का काम है।

### महिला सुरक्षा और नारी सम्मान बड़ा प्रोजेक्ट

करंट क्राइम : नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अपराधियों का सफाया किया जा रहा है। तो अपराधियों के खिलाफ कड़े तेवर भी पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला सुरक्षा के तहत मिशन शक्ति और एंटी रोमियो स्क्वायड लागू किया गया है। वहीं सरकारी नौकरियों में महिलाओं का आरक्षण भी बढ़ा परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं के साथ होने वाले अपराध में आरोपियों को सलाखों के पीछे जाना पड़ता है और वह परेशान होते हैं पहले ऐसा नहीं होता था।




### यह भी रहे साथ

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के 8 सालों के कार्यक्रम और सफलता की जानकारी देते हुए स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप के अलावा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सदर विधायक संजीव शर्मा, पार्षद राजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, महामंत्री राजेश त्यागी, सौरभ जायसवाल, पार्षद अमित त्यागी, अश्वनी शर्मा, प्रदीप चौधरी, करण शर्मा और सोनू भाटी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सीएम रेखा गुप्ता ने पेश किया 1 लाख करोड़ का बजट



**नई दिल्ली।** सीएम रेखा गुप्ता ने विधानसभा में ऐलान किया कि 2025-26 का दिल्ली का बजट 1 लाख करोड़ रुपये का है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार की नाकामियां गिनाते हुए कहा, यह बजट पिछले साल की तुलना में 31.5 प्रतिशत ज्यादा है। जहां साल दर साल बजट बढ़ने की बजाय घटा, जीडीपी की दर कम रही, प्रति व्यक्ति आय देश की तुलना में कम गति में बढ़ी। सीएम रेखा पिछले साल की तुलना में 31.5 प्रतिशत ज्यादा है। जहां साल दर साल बजट बढ़ने की बजाय घटा, जीडीपी की दर कम रही, प्रति व्यक्ति आय देश की तुलना में कम गति में बढ़ी। राजस्व शराब घोटाला, जल माफिया के चलते सरकारों को नहीं मिल रहा था। अब आपदा सरकार के दिन चले गए हैं। इस ऐतिहासिक बजट में कैपिटल एक्सपेंडीचर को दोगुनी बढ़ोतरी दी गई है। पिछली बार 15 हजार करोड़ की तुलना में 28 हजार करोड़ का आवंटन कैपिटल एक्सपेंडीचर में किया गया है। मुख्यमंत्री ने आम

## दिल्ली के बजट में शिक्षा के लिए बड़े ऐलान

## घोषणा में दिल्ली वालों को साफ पानी का वादा

ने कहा- मैं आपके माध्यम से दिल्ली की जनता को ये बताना चाहती हूं कि आज तक की सरकारों के राज में 2023 में 78 हजार 800 करोड़ का बजट था। 24-25 का बजट घटकर सिर्फ 76 हजार करोड़ रह गया। ये दिल्ली में सबसे खराब स्थिति थी। इस बार का दिल्ली का बजट एक लाख करोड़ रुपये का है। ये ऐतिहासिक है।

उन्होंने कहा कि मैं बजट पेश कर रही हूं। आज का बजट साधारण नहीं है। दिल्ली की जनता और पूरा देश सदन के माध्यम से बजट सुन रहा है। दिल्ली की नई सरकार ऐतिहासिक जनादेश लेकर यहां आई है। इस सरकार का पहला बजट कैसा होगा, आज यहां पूरा देश देख रहा है। ये बजट पिछले 10 साल से बेहाल हुई दिल्ली को संभालने का पहला कदम है। सीएम ने आगे कहा, यह बजट आदमी पार्टी की नाकामियां गिनाते हुए कहा, पिछली सरकार विकास के हर पहलू में विफल रही। यमुना गंदी थी, सड़कें क्षतिग्रस्त थीं, वायु प्रदूषण बहुत अधिक था। दिल्ली जल बोर्ड, डीटीसी घाटे में थी। गंदा पानी और ओवरफ्लो सीवर दिल्ली की पहचान बन गए थे।

बता दें, भाजपा सरकार 26 साल बाद बजट 2025-26 पेश कर रही है। इस पर विस्तार से चर्चा 26 मार्च को होगी। सभी विधायक सरकार की योजनाओं और नीतियों पर अपनी राय विधानसभा में व्यक्त करेंगे। 27 मार्च को विधानसभा में बजट पर बहस के बाद वोटिंग होगी। मुख्यमंत्री लगातार कहती रही हैं कि 'विकसित दिल्ली' का बजट लोगों का बजट है। दिल्ली सरकार को ईमेल और वॉट्सएप के जरिए बजट पर जनता से 10 हजार से ज्यादा सुझाव मिले हैं।

| | |
|---|---|
| बिजली विभाग के लिए 3847 करोड़ | जलभराव की समस्या के लिए 603 करोड़ |
| मेट्रो सेवा के लिए 2929 करोड़ | सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याण 10047 करोड़ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्वच्छ जल के लिए 9000 करोड़ | शिक्षा के लिए 100 करोड़ | झुग्गी-झोपडियों के लिए 696 करोड़ | यमुना सफाई के लिए 500 करोड़ |
| इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1000 करोड़ | महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये | विधायक निधि के लिए 350 करोड़ | लघु उद्योगों के लिए 50 करोड़ |






### नए जेल परिसर के लिए 10 करोड़ का बजट, जेल में बनने वाले प्रोडक्ट इस्तेमाल करेगी दिल्ली सरकार

- युवाओं को सरकार के साथ जोड़कर काम किया जाएगा।
- दिल्ली जेल के तत्वाधान में सोसायटी बनाई जाएगी।
- जेल में बनने वाले सामानों को दिल्ली सरकार इस्तेमाल करेगी।
- दिल्ली में नई जेल का भी प्रावधान
- नए जेल परिसर के लिए 10 करोड़ का प्रावधान



### दिल्ली के लोगों के लिए बिजली योजना

- सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भविष्य की दिशा में हमने कदम उठाया है। हर किसी को उचित दाम पर बिजली मुहैया कराने के लिए संकल्प है। हम बिजली विभाग की परियोजना के लिए 3847 करोड़ का बजट दे रहे हैं।
- पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना को दिल्ली में लागू करने की कवायद, वहीं लोगों को 78000 हजार तक की सब्सिडी दी जाएगी, ताकि लोग जागरूक हों।
- पीएम सूर्या घर योजना के टॉप-अप के लिए भी पहले से ज्यादा बजट मिलेगा।
- ओवरहेड वायरिंग की समस्या से निपटने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के लिए 100 करोड़ का बजट



### दिल्ली में जलभराव की समस्या होगी खत्म

- दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में जब भी बारिश होती है तो पूरी दिल्ली थम जाती है। जगह-जगह पानी भर जाता है। नाले जाम हो जाते हैं। इस बार बारिश में दिल्ली की हालत ऐसी ना हो इसके लिए 603 करोड़ का बजट रखा है।

### दिल्ली को मिलेगी 5000 इलेक्ट्रिक बसें

- सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली दुनिया की तीसरी ऐसी सिटी है, जो इलेक्ट्रिक बस फ्लीट में है, जिसमें 2152 बसें हैं।
- दिल्ली सीएम ने कहा कि 2025-26 तक इस बेड़े में 5000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसे शामिल होने की उम्मीद है और विश्व स्तर पर दिल्ली इलेक्ट्रिक बस फ्लीट का दर्जा हासिल करे, इस पर काम करेंगे।
- दिल्ली सीएम ने कहा कि मेट्रो के चौथे फेज को लेट करने में पुरानी सरकार का हाथ है। आज मेट्रो के अकाउंट में 6000 करोड़ की लायबिलिटी पेंडिंग है।
- फोर्थ फेज में 3 कॉरिडोर का 60 फीसदी तक काम हो चुका है। इसके साथ ही कई जगहों पर काम चल रहा है। इसके लिए हमने 2929 करोड़ का बजट रखा है।

### एससी छात्रों को सशक्त बनाने के लिए योजना

- एससी छात्रों को सशक्त बनाने के लिए योजना शुरू करेंगे। जिसमें 1000 बच्चों को 5 करोड़ की मदद की जाएगी। दिल्ली के आईटीआई, स्किल सेंटर और पॉलिटेक्निक शिक्षा हासिल करने वाले बच्चों को सहायता दी जाएगी।

### आंगनवाड़ी कंद्रों की बदलेगी सूरत

- 1000 आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में तब्दील किया जाएगा, जहां गरीब के बच्चों का ध्यान रखा जाएगा।
- महिलाओं के सुरक्षित निवास के लिए सखी निवास योजना चलाई जाएगी, जिसके अंतर्गत कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित हॉस्टल और डे केयर की सुविधा दी जाएगी।




- महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए जो वनस्टॉप योजना है, उन सेंटर के रख-रखाव के हमने 11 करोड़ का प्रावधान किया है।

### एससी, एसटी और ओबीसी के लिए क्या घोषणा

- दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने कहा दिल्ली को विश्व पर्यटन का केंद्र बनाना है। यहां पर कई ऐतिहासिक धरोहर है।
- दिल्ली के शोषित और पीड़ितों के विकास का प्लान बनाया है, ये सिर्फ संख्या का मामला नहीं है बल्कि ठोस कदम है।
- हमने सामाजिक सुरक्षा जनकल्याण की अनेक योजना प्रस्तावित की है। इस सेक्टर के लिए 10047 करोड़ का बजट रखा है।
- जिसमें से 9780 करोड़ रुपये सामाजिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास और एससी और एसटी, ओबीसी के लिए निर्धारित किया गया है।

### दिल्ली के स्कूलों का होगा विकास

- स्कूलों में नई कम्प्यूटर लैब के लिए 50 करोड़ रुपये
- 7000 क्लासेस को डिजिटल करने का प्रयास
- हर क्लास को स्मार्ट क्लास बनाने की पहल पर जोर
- बच्चों को निशुल्क लैपटॉप देने के लिए 7.50 करोड़ रुपये
- बच्चों को कौशल बनाने के लिए 20 करोड़ का बजट
- बच्चों की तकनीकी शिक्षा के लिए विभिन्न परियोजनाओं में 618 करोड़ का बजट



### दिल्ली के बजट में शिक्षा के लिए बड़े ऐलान

- दिल्ली सीएम ने कहा कि शिक्षा के नाम पर लोगों को गुमराह किया गया। जो बच्चा फेल हुआ उसे आगे नहीं बढ़ने दिया। उन्हें ओपन स्कूल भेजे देते थे। हर साल 9वीं और 11वीं में 1.50 लाख बच्चों को फेल करते रहे। कमजोर बच्चों पर ध्यान देने की बजाय उन्हें हटाती रही। ऐसे सिस्टम में सुधार के लिए हमें प्रयास करना होगा। जिन बच्चों के कंधों पर भविष्य में दिल्ली को बनाने की जिम्मेदारी थी। उन्हें अंधकार में धकेल दिया। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि यदि गरीब छात्र शिक्षा के लिए नहीं पहुंचता तो शिक्षा उसके पास पहुंचनी चाहिए। सभी बच्चों को उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि से परे बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2025-26 में सीएम श्री स्कूल खोलने की घोषणा की है, जो कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी से जुड़े होंगे। ये पीएम श्री की तर्ज पर खोले जाएंगे। इसके लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया।

### दिल्ली के व्यापारियों के लिए भी खास ऐलान

- दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि नई औद्योगिक नीति लाई जाएगी। नई वेयर हाउस पॉलिसी लेकर आएंगे।
- औद्योगिक क्षेत्रों के लिए रेग्युलराइजेशन का प्लान। ईज ऑफ डूइंग बिजनस के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लाएंगे
- लीज वाली इंडस्ट्रियल प्रॉपर्टी को फ्री होल्ड करेंगे। औद्योगिक क्षेत्रों के लिए एक प्रोग्राम लाएंगे। उनकी सड़कें नालियां ठीक की जाएंगी।
- ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की जाएगी। कारोबारियों की दिक्कतों का समाधान करेगा बोर्ड



- छोटे उद्योगों के कौशल संवर्धन के लिए नई योजना। योजना के लिए 50 करोड़ का बजट रखा है।
- पहली बार इस साल दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट होगा। हर दो साल में इसे करेंगे।
- फाइलों में योजनाएं नहीं अटकेंगी। उद्योग फलेंगी और फूलेंगी



### यमुना की सफाई के लिए 500 करोड़ का बजट

- दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने बजट पेश करते हुए कहा कि यमुना को साफ करना हमारी पहली प्राथमिकता है। पिछली सरकारों ने बस झूठे वादे किए। यमुना को भी नाला बना दिया। मगर हमारी सरकार यमुना की सफाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यमुना बस हमारे लिए नदीं नहीं है। यमुना हमारे लिए धरोहर है। सबके लिए जीवन रेखा है। इसके लिए 500 करोड़ की लागत से 40 डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज प्लांट बनेंगे।

### दिल्ली वालों को साफ पानी का वादा



- सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ यमुना का अभियान बनेगा दिल्ली का पहचान
- सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि निर्मला नदियां संस्कृति की पहचान है।
- दिल्ली में हर नागरिक को साफ पानी मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता
- दिल्ली ने इसके लिए 9000 करोड़ रुपये का बजट रखा है, जो कि पहले से तीन गुना ज्यादा है।

### ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन होगा

- दिल्ली सीएम ने कहा कि दिल्ली में व्यापारियों के लिए ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन होगा। जो कि दिल्ली में व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करेगा।

### दिल्ली में महिला सुरक्षा

- दिल्ली-एनसीआर में बेहतर संपर्क के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 1,000 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव
- दिल्ली के बजट में पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने के लिए 5,100 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव। दिल्ली के बजट में ह्यपीएम जन आरोग्य योजनाह्न के लिए 2,144 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव।

# बिहार बोर्ड 12वीं क्लास का रिजल्ट जारी

## 86.56 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल, बेटियों का रहा जलवा



**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मंगलवार 25 मार्च को 12वीं परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। इस साल 86.50 प्रतिशत छात्रों ने इंटर की परीक्षा पास की है। तीनों ही संकायों में छात्राओं ने बाजी मारी है। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस साल 86.50 प्रतिशत छात्रों ने इंटर परीक्षा पास की। घोषित किए गए नतीजों के अनुसार, पूरे राज्य में प्रिया जायसवाल (पश्चिम चंपारण) ने 484 अंकों के साथ विज्ञान संकाय में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि आकाश कुमार ने 480 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, पटना के रवि कुमार 478 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

इस बार भी तीनों स्ट्रीम आट्र्स, कॉमर्स और साइंस में छात्राओं ने शीर्ष स्थान हासिल कर अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया है। आट्र्स स्ट्रीम में अंकिता कुमारी और शाकिब शाह, साइंस स्ट्रीम में प्रिया जायसवाल और कॉमर्स स्ट्रीम में रोशनी कुमारी ने टॉप किया। रिजल्ट में 86.56 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। इस वर्ष आट्र्स, कॉमर्स और साइंस तीनों स्ट्रीम के परिणाम एक साथ जारी किए गए हैं।

आट्र्स स्ट्रीम में अंकिता कुमारी (वैशाली) और शाकिब शाह (बक्सर) ने संयुक्त रूप से टॉप किया। दोनों ने 500 में से 473 अंक प्राप्त कर 94.6 प्रतिशत स्कोर किया। दूसरे स्थान पर अनुष्का कुमारी (मुजफ्फरपुर) और रोकैया फातिमा (बेगूसराय) रहीं, जिन्होंने 500 में से 471 अंक (94.2 प्रतिशत) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर आरती कुमारी (सारण), सानिया कुमारी (सोनपुर) और अंकित कुमार (गया) ने 500 में से 470 अंक (94 प्रतिशत) हासिल किए। चौथे स्थान पर अंशु रानी (पटना) ने 500 में से 469 अंक (93.8 प्रतिशत) प्राप्त किए। पांचवें स्थान पर चंद्रमणि लाल (मुजफ्फरपुर), ऋषु कुमार (सहरसा), संजना कुमारी (मुजफ्फरपुर), तनु कुमारी (पूर्वी चंपारण) और अर्चना मिश्रा (गया) ने 500 में से 468 अंक (93.6 प्रतिशत) प्राप्त कर अपनी जगह बनाई।

# भाजपा नेता ने मासूम बच्चों के सिर में सटाकर मारी थी गोली, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा



**सहारनपुर।** सहारनपुर के गंगोह के सांगाठेड़ा गांव में निर्मम हत्याकांड में तीनों बच्चों के शवों का रविवार को पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम करीब चार घंटे तक चला, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि तीनों बच्चों के सिर में सटाकर गोली मारी गई थी। इसके अलावा शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। भाजपा नेता योगेश ने अपनी पत्नी नेहा, बेटी श्रद्धा, बेटों देवांश व शिवांश को गोली मार दी थी। इनमें तीनों बच्चों की मौत रविवार को हो गई थी। नेहा ने इलाज के दौरान चंडीगढ़ पीजीआई में दम तोड़ दिया था।

घटनास्थल पर जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने रविवार को तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। तीनों बच्चों के पोस्टमार्टम में सामने आया कि श्रद्धा के सिर में राइट साइड से गोली मारी गई, जबकि देवांश व शिवांश के सिर में ऊपर से लेफ्ट साइड में गोली लगी। सबसे पहले पोस्टमार्टम श्रद्धा का हुआ था। उधर, एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि तीनों बच्चों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में गोली लगना है। इसके अलावा शरीर पर अन्य कोई निशान नहीं मिले। तीनों के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

सांगाठेड़ा में हुए हत्याकांड के बाद जहां परिवार खून के आंसू रो रहा है, वहीं ग्रामीणों के दिलों में योगेश के गिरफ्तार होने के बाद भी उसका डर बना हुआ है। आरोपी योगेश के खौफ का असर अब भी गांव में देखा जा सकता है।


**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र0 सं0 | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं0/योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रीमती जसबीर कौर पत्नी श्री मनमोहन सिंह | के.एच.-236, कविनगर | निम्रत कौर व मिनी भाटिया पुत्रीगण स्व. श्री मनमोहन सिंह | के.एच.-236, कविनगर, गाजियाबाद 7982708286 | आवंटी श्रीमती जसबीर कौर व उनके पति श्री मनमोहन सिंह का देहान्त दिनांक 17.10.2024 व 06.02.2018 को होने के कारण | पट्टा |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।
सहा0 प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 26 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# क्या जनप्रतिनिधियों ने रखना शुरू कर दिया है दूरियों का ख्याल

## जब विधायक नंदकिशोर गुर्जर बेहोश होकर गिरे तो किसी ने नहीं पूछा अस्पताल जाकर उनका हाल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में दूरी और मजबूरी की बातें अक्सर होती हैं। गाजियाबाद के लोनी में जबसे विधायक ने मोर्चा खोला तब से लोनी विधायक इस मुद्दे पर ऐलोन नजर आ रहे हैं। सरकार के विधायक से सरकार के ही जनप्रतिनिधियों ने दूरी बना ली है। आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि जनप्रतिनिधि अपने साथी विधायक से दूरी बना रहे हैं।

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर कथा वाली व्यथा के बाद से ही फटा कुर्ता पहनकर अपना विरोध प्रदर्शित कर रहे हैं। बड़ी बात ये है कि भाजपा के जनप्रतिनिधि दबी जुबान से तो साथ होने की बात कहते हैं लेकिन खुले बयान में वो खुद को अलग कर लेते हैं। वहीं हिंदू संगठन खुलकर विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ हैं। नोएडा में जब डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य आए तो वो विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ दिखाई दिये। उन्होंने मंच से भी यही बात कही, लेकिन गजब बात ये है कि गाजियाबाद के ही भाजपा जनप्रतिनिधि अपने ही साथी विधायक से दूरी बना रहे हैं। सांसद अतुल गर्ग इस मुद्दे पर डिस्टेंस में हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, एमएलसी दिनेश गोयल, सबके सब इस मुद्दे पर साथ दिखाई देने जैसी बात तो करते हैं लेकिन वो साथ आने की बात पर दूरी नाप जाते हैं। वो शब्दों को घुमाते हैं और फिर खुद ही घूम जाते हैं। विधायक साथ होने का दिखावा तो कर रहे हैं, लेकिन वो साथ नहीं हैं। वो अपने शब्दों से विधायक को सही बताते हैं, लेकिन इसमें यह जोड़ने नहीं भूलते कि विधायक के शब्द ओवर हो गए और लाइन क्रॉस हो गई। सार ये रहता है कि अगर ऐसा नहीं होता तो हम साथ होते। दूरियों का ही ख्याल था कि जब लोनी विधायक बेहोश हुए तो कोई जनप्रतिनिधि उनका हाल पूछने अस्पताल नहीं पहुंचा। मामला विधायक नंदकिशोर गुर्जर को सपोर्ट करने का था।

जनप्रतिनिधियों की खामोशी बता रही है कि कुछ तो मजबूरी है जो हमने नाप ली ये दूरी है। हर वजह के पीछे वजह होती है और इस वजह को सब समझ रहे हैं। मंगलवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर धरना प्रदर्शन करने कलक्ट्रेट पर पहुंचे। बताते हैं कि यहां पहुंचने पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अचानक बहोश होकर गिर पड़े। जब वो कलक्ट्रेट पहुंचे तो कोई विधायक उनके साथ नहीं था और जब विधायक नंदकिशोर गुर्जर बेहोश होकर गिर पड़े तो उन्हें यशोदा अस्पताल लाया गया। यहां उनके पैरो पर भी पट्टियां बंधी थी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर के बेहोश होकर गिरने की खबर मिलते ही कई लोग उनसे मिलने पहुंचे।

इनमें भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल भी थे लेकिन सबसे बड़ी बात ये थी कि भाजपा के विधायक अस्पताल में भर्ती थे और भाजपा का ही कोई विधायक उनके मिलने अस्पताल भी नहीं पहुंचा। जनप्रतिनिधियों ने एक दूरी बना ली और ये पहली बार हुआ जब सत्ताधारी दल का कोई विधायक बेहोश होकर गिर पड़ा, उन्हें अस्पताल लाया गया और शहर में ही रहते हुए भाजपा के विधायक अपने साथी विधायक का हाल पूछने अस्पताल तक नहीं गए।

# रालोद वालों को बहुत दिनों बाद मिला भाजपा वालों को घेरने का मौका

## मामला ही था कुछ ऐसा कि फिर भाजपा वालों ने भी नहीं रोका



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हैंडपंप और फूल वालों की सियासी फ्रेंडशिप के बाद अब किसी भी बात पर विरोध करने का ट्रेंड ही खत्म हो गया। रालोद के मुखिया सरकार में मंत्री हो गए और रालोद के नेता भाजपा के सहयोगी हो गए। ऐसे में अब राजधर्म के तहत सरकार का विरोध नहीं होगा।

लेकिन मंगलवार को एक मौका ऐसा आया जब रालोद वालों ने भाजपा वालों को घेर लिया। दरअसल मामला पहले जाट थानेदार पर आया और जाट से घूमकर ये रालोद पर आ गया और रालोद वालों का समूह जाट सभा के बैनर पर भाजपा वालों के विरोध में आ गया। इन दिनों लोनी में कथा को लेकर पूरा मामला चल रहा है। इस मामले में एसएचओ लोनी बॉर्डर हरेंद्र मलिक भी निशाने पर हैं क्योंकि रूट को लेकर पहली नोंक-झोंक विधायक और उनके बीच हुई। इस घटना के बाद से ही अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रही हैं। इन वीडियों में एक वीडियो लोनी बॉर्डर के थानेदार हरेंद्र मलिक की भी है। इस वीडियो में वो दिखाई दे रहे हैं और दावा ये किया जा रहा है कि वीडियो में हरेंद्र मलिक की गिरेबान पर हाथ डालने पर जैसा कुछ है।

इस वीडियो के ट्रेंड होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और थानेदार के पक्ष में जाट समाज आ गया। जाट समाज की तरफ से रालोद के नेता आ गए और फिर मामला रीमिक्स हो गया। राष्ट्रीय जाट महासभा की ओर से विरोध किया गया और विरोध वाले फोटो में जो जाट चेहरे हैं वही रालोद के नेता हैं और जो रालोद के नेता हैं वो जाट थानेदार के समर्थन में हैं। लिहाजा ये मामला चर्चा में रहा कि बहुत दिनों बाद रालोद वालों को भाजपा वालों को घेरने का मौका मिला और भाजपा वालों ने भी नहीं रोका। रालोद वाले कई दिनों से गठबंधन धर्म निभा रहे थे, लेकिन जब बात जाट थानेदार की आई तो फिर उन्होंने भी भाजपा के विधायक को घेरने का मौका नहीं छोड़ा।

# वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में 27 करोड़ हाउस टैक्स वसूलने का निगम का टारगेट

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया टीम को मोटिवेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा लगातार हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाया जा रहा है जिसके क्रम में गाजियाबाद सीमा अंतर्गत आने वाले सभी भवनों आवासीय तथा अनावासियों से हाउस टैक्स वसूली की कार्यवाही चल रही है जिसमें नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार जोनल प्रभारी कार्य कर रहे हैं ऐसे करदाता जिनके द्वारा हाउस टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है उन पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाया जा रहा है।

### पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष विभाग ने की बेहतर हाउस टैक्स वसूली : नगर आयुक्त



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में बेहतर वसूली टैक्स विभाग द्वारा की गई है जिसमें 294 करोड़ की वसूली पिछले वित्तीय वर्ष में की गई थी इस बार अब तक 325 करोड़ की वसूली गाजियाबाद नगर निगम कर चुका है शहर के विकास में करदाताओं की विशेष भूमिका है जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग हाउस टैक्स वसूली में मिल रहा है जो की सराहनीय है।

### 31 मार्च के बाद हाउस टैक्स पर लगेगा 12% का ब्याज : मुख्य कर निर्धारण अधिकारी




**करंट क्राइम।** मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 6 दिनों में 31 मार्च तक 27 करोड़ की वसूली की जानी है। वसुंधरा जोन को 15 करोड़ मोहन नगर को 3 करोड़, कवि नगर को 2 करोड़, सिटी जॉन को 6 करोड़ तथा विजयनगर को 50 लाख की वसूली करनी है टारगेट दिया गया है। 31 मार्च के बाद हाउस टैक्स पर 12% का ब्याज भी वसूला जाएगा करदाताओं से हाउस टैक्स जमा करने की अपील की जा रही है।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने फूंका सपा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला

## कार्यक्रम के दौरान बिगड़ी तबीयत, तो पहुंचे अस्पताल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सरकार के 8 साल बेमिसाल कार्यक्रम में भाग देने के लिए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर दलबल के साथ कवि नगर रामलीला मैदान पहुंचे थे। वहां कार्यक्रम में भाग देने के बाद वह अपने समर्थकों के साथ महाराजा राणा सांगा के समर्थन में एक रैली निकाली और सपा के सांसद रामजी लाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट में उनका पुतला भी फूंका। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर कवि नगर रामलीला मैदान से लेकर जिला मुख्यालय तक पैदल गए। गर्मी अधिक होने की वजह से उनके पैर जल गए और वह बीते कई दिनों से अन्न, जल ग्रहण नहीं कर रहे हैं। इसके चलते उनकी हालत खराब हो गई, वह अचेत होकर गिरने लगे, तो उनके समर्थक उन्हें नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया।





### उपचार के बाद मिली छुट्टी, शाम को कथा में लिया दाती महाराज से आशीर्वाद

#### प्राथमिक उपचार के बाद शाम को पहुंचे राम कथा

**करंट क्राइम :** लोनी विधायक का यशोदा अस्पताल में दिनभर उपचार चला, तो वह कुछ घंटे बाद डॉक्टरों की अनुमति पर लोनी में चल रही रामकथा में पहुंचे। राम कथा में दाती महाराज पहुंचे। दाती महाराज ने उन्हें आशीर्वाद दिया और उनसे कहा कि वह अन्न ग्रहण करें लेकिन उन्होंने फलाहार ही ग्रहण किया। बता दें कि बीते कई दिनों से विधायक लोनी ने अन्न ग्रहण नहीं किया था।

#### निकाला था लंबा जुलूस, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं वीडियो



**करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने राणा सांगा के समर्थन में आवाज बुलंद की। उन्होंने राणा सांगा अमर रहे के नारे लगाए और सपा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ गुस्सा निकाला। तो इस दौरान उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ भी नारेबाजी की। साथ ही जिला मुख्यालय में सपा सांसद का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। इसी कार्यक्रम के दौरान नंदकिशोर गुर्जर की तबीयत बिगड़ गई थीं।

# जो चेहरे मुद्दों को लेकर सोशल मीडिया पर दिखाते थे पूरा जोश

## विधायक प्रकरण में क्यों हो गई उनकी आवाज खामोश







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इन दिनों किसी भी मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष में आने का सबसे बड़ा प्लेटफार्म सोशल मीडिया है। यहां किसी भी बात के पक्ष में, किसी भी बात के विरोध में अभियान चल जाता है। इन दिनों गाजियाबाद में एक ऐसा मुद्दा छाया हुआ है जिसकी गूंज पूरे उत्तर प्रदेश और बिहार व अन्य राज्यों में है। सरकार के विधायक ही सरकार को घेर रहे हैं। वो आरोप लगा रहे हैं। लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर हिंदुत्ववादी चेहरा माने जाते हैं।

वो अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं और इस बार ये हुआ है कि रामकथा आयोजन से पहले जब कलश यात्रा निकल रही थी तो इस कलश यात्रा के रूट को लेकर पुलिस और विधायक आमने-सामने आ गए। विधायक धरने पर बैठ गए और उसके बाद विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। तरह-तरह के आरोप लगाए और यहां सबसे बड़ी बात ये है कि गाजियाबाद के दो ऐसे भाजपा नेता जो अपनी स्पष्टवादिता के लिये जाने जाते हैं, वो इस मामले पर खामोश हो गए। आम जनमानस में ये चर्चा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि पूर्व मेयर अशु वर्मा ने इस मुद्दे पर खामोशी साध ली। उनकी पोस्ट लगातार चर्चा में रहती हैं और कई बार तो वो अपनी विचारधारा को लेकर इतना अडिग रहते हैं कि पार्टी गाइडलाइन के बॉर्डर तक पहुंच जाते हैं। अशु वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता हैं और सोशल मीडिया पर हिंदुत्व उनकी पहचान है, लेकिन ये चर्चा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि सोशल मीडिया पर हिंदुत्व का झंडा बुलंद करने वाले पूर्व मेयर अशु वर्मा ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर के मामले पर चुप्पी साधी। जबकि ये पूरा मामला धर्म से जुड़ा है। विधायक का आरोप भी यही है कि धर्मग्रंथ का अपमान हुआ है और विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में हिंदुत्ववादी संगठन आ गए हैं। पंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यति नरसिंहानंद गिरी ने समर्थन किया। अन्य लोग भी विधायक के पक्ष में हैं, मगर ऐसा क्या हुआ कि सोशल मीडिया पर हर पोस्ट से हिंदुत्व का नारा देने वाले पूर्व मेयर अशु वर्मा इस मुद्दे पर खामोश हो गए। क्या कोई राजनीतिक मजबूरी है, या फिर हिंदुत्व और राजनीति के बीच उन्होंने राजनीतिक करियर को प्रमुखता दी है। बहरहाल जो भी है पूर्व मेयर अशु वर्मा की खामोशी को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। वहीं इस पूरे मामले में दूसरी बड़ी आवाज जो खामोश है वो पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की है।

बालेश्वर त्यागी तो अक्सर मुद्दो पर बेबाक होकर लिखते हैं। बीते दिनों उन्होंने पैठ बाजार के मुद्दे पर सीधे-सीधे लिखा था। कई बार वो भ्रष्टाचार के मामले पर सरकार को ही घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ते। पुराने किस्सों से सरकार और ब्यूरोक्रेसी की पोल खोलते हैं और बड़ी बात ये है कि वो अपने लेख में किसी की नाराजगी की परवाह नहीं करते और किसी को खुश करने का प्रयास भी नहीं करते। तो पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के नजपद में एक विधानसभा में उन्हीं की पार्टी के विधायक ने सीधे-सीधे सरकार के अधिकारियों को निशाने पर लिया है। आरोप लगाए और अभी तक पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की इस मुद्दे पर राय का सबको इंतजार है। वो भी इसलिए कि बालेश्वर त्यागी ने एक पूरा राजनीतिक युग देखा है। वो सरकार, पार्टी और जनमुद्दों के बीच बखूबी भेद करते हैं।

उन्हें पता है कि इस मुद्दे को कौन हवा दे रहा है और क्यों दे रहा है। जब सरकार के विधायक ने सिस्टम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सरकार का विधायक फटे कुर्ते में घूम रहा है तब भाजपा की राजनीति के स्थानीय युग पुरुष कहे जाने वाले पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की खामोशी समझ से परे है। वो इस मुद्दे पर समाधान भी बता सकते हैं। वो इस मुद्दे पर ये भी बता सकते हैं कि इस तरह की परिस्थितियां पहले कब हुई है और आरोपों की सच्चाई को लेकर भी व्याख्या कर सकते हैं, लेकिन बालेश्वर त्यागी खामोश हैं। फिलहाल पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी और पूर्व मेयर अशु वर्मा की चुप्पी समझ से बाहर है। आखिर मुद्दों पर जोश से परिपूर्ण रहने वाले ये दोनों चेहरे क्यों खामोश हैं।

चर्चा यह है कि इस पूरे मैटर में अगर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ठीक ट्रैक पर हैं तब भी इन दोनों की प्रतिक्रिया आनी चाहिए। अगर वो रॉन्ग ट्रैक पर हैं तब भी इन्हें अपनी राय रखनी चाहिए।

## संपादकीय

# दुबारा मनमानी पर उतरा इजराइल

संघर्ष विराम तोड़ने के बाद इजराइल दुबारा मनमानी पर उतर आया है। उसने ताबड़तोड़ हवाई हमले कर गाजा को फिर से दहला दिया है। इसका खमियाजा उन हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है जो शरणार्थी शिविरों, अस्पतालों या धार्मिक स्थलों में शरण लिए हुए हैं। यह दुखद है कि प्रतिशोध की आग में जलता इजराइल, रिहाइशी इलाकों पर भी लगातार हमले कर रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि हमास के आतंकवादी घनी आबादी में छिपे हुए हैं। हालांकि वह अच्छी तरह वाकिफ है कि युद्ध के भी कुछ नियम हैं। मगर वह इन्हें मानने को तैयार नहीं है। वह हमास के आतंकवादियों को मार गिराने के लिए लगातार इमारतों, अस्पतालों, विद्यालयों और शरणार्थी शिविरों को निशाना बना रहा है। बीते रविवार को दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला कर इजराइल ने स्पष्ट कर दिया कि उसे मानवता से कोई लेना-देना नहीं और न ही वह कोई नियम मानेगा। हैरत की बात है कि इस मनमानी के खिलाफ दुनिया के ज्यादातर देश चुप हैं। अमेरिका ने उसे पहले ही छूट दे रखी है। नतीजा यह कि भोजन-पानी और दवाओं के अभाव में फिलिस्तीनी नागरिक रोज मर रहे हैं। इस समय अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा गाजा गाजा इस समय अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है। वहां कोई मानवीय सहायता भी नहीं पहुंच पा रही है। कई महीने से चल रहे इस युद्ध में अब तक एक लाख से अधिक नागरिक घायल हो चुके हैं। पचास हजार से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। हवाई हमले की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे-महिलाएं और बुजुर्ग आए हैं। गौरतलब है कि पंद्रह हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी हैं। 5 दिन बाद इन राशियों की पलट सकती है किस्मत, सूर्य और अरुण होंगे मेहरबान, पदोन्नति के साथ धन लाभ के योग यूरिक एसिड बढ़ने पर सूज रहा है पैर का अंगूठा तो तुरंत डाइट में करें इन 5 सब्जियों को शामिल, सूजन हो जाएगी कंट्रोल, दर्द से भी मिलेगी राहत गर्मी आने से पहले खरीद लें बिजली बचाने वाला इनवर्टर अउ, ऑफर ऐसा कि 1200 रुपये से कम में पहुंच जाएगा घर! मणिपुर में टकराव के नए कारक हो रहे पैदा, नए क्षेत्रों में हिंसा का हो रहा विस्तार युद्ध की आग में तप रहे गाजा में जिस तरह मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। मानवाधिकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले ज्यादातर बड़े देश चुप हैं, तो आखिर इसकी वजह क्या है और क्या उन्होंने इजराइल को मनमानी की अनुमति दे दी है? क्षत-विक्षत हो रहे गाजा को पूरी दुनिया देख रही है। युद्ध हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। इजराइल आखिर कब तक मनमानी करता रहेगा? प्रतिशोध की भी एक सीमा है।

# लोकसभा से वित्त विधेयक 2025 पारित

## वित्त मंत्री सीतारमण ने करदाताओं को राहत देने वाला बताया



**नई दिल्ली।** वित्त विधेयक 2025 मंगलवार को 35 सरकारी संशोधनों के बाद लोकसभा से पारित हो गया। वित्त मंत्री वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस दौरान विधेयक को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है। लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है।

इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में महत्वपूर्ण कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14% की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है।

### नए आयकर विधेयक पर संसद के मानसूत्र सत्र के दौरान होगी चर्चा

सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क में तर्कसंगत बदलाव से देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात को गति मिलेगी और आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा होगी। लोकसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि नया आयकर विधेयक, जिसे 13 फरवरी को सदन में पेश किया गया था, वर्तमान में प्रवर समिति की ओर से जांचा जा रहा है। प्रवर समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। सीतारमण ने कहा, ह्यह्य...हम इसे (नए आयकर विधेयक को) मानसून सत्र में लाएंगे। संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में आयोजित होता है और अगस्त तक चलता है।

### वित्त मंत्री ने नए विधेयक विधेयक से जुड़ी जानकारी साझा की

आयकर विभाग ने पहले कहा था कि सरलीकृत आयकर विधेयक, जो 1961 के आयकर अधिनियम का आधा है, मुकदमेबाजी और नई व्याख्या की गुंजाइश को कम करके कर निश्चितता हासिल करने का प्रयास करता है। नए विधेयक में शब्दों की संख्या 2.6 लाख है, जो आईटी अधिनियम में 5.12 लाख से कम है। मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराओं के मुकाबले इसमें धाराओं की संख्या 536 है। अध्यायों की संख्या भी 47 से घटाकर आधी 23 कर दी गई है।

आयकर विधेयक 2025 में मौजूदा अधिनियम में 18 तालिकाओं की तुलना में 57 तालिकाएं हैं और 1,200 प्रावधान व 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं।

# प्राथमिकता क्षेत्र के 50 हजार तक के ऋण पर अधिक शुल्क न वसूलें बैंक

## आरबीआई ने जारी किए दिशा-निर्देश



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने साफ किया है कि बैंक विशेष रूप से प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) श्रेणी के तहत छोटी ऋण राशियों पर अत्यधिक शुल्क नहीं लगा सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि 50,000 रुपये तक के प्राथमिकता क्षेत्र के ऋणों पर कोई सेवा शुल्क या निरीक्षण शुल्क नहीं लगाया जाएगा। बैंक के इस कदम का मकसद छोटे उधारकताओं को अनावश्यक वित्तीय बोझ से बचाना और उचित ऋण प्रथाओं को सुनिश्चित करना है।

आरबीआई ने पीएसएल से जुड़े नए दिशा-निर्देश जारी किए

भारतीय रिजर्व बैंक (फइक) ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (ढरछ) पर जारी नए मास्टर निर्देश में यह बात कही है। ये निर्देश 1 अप्रैल, 2025 से लागू होंगे। इन दिशा-निदेशों में केंद्रीय बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि बैंकों की ओर से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (ठइऋछ) से खरीदे गए सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋणों को प्राथमिकता क्षेत्र ऋण श्रेणी के अंतर्गत नहीं माना जाएगा। इसका मतलब है कि बैंक ऐसे ऋणों को अपने पीएसएल लक्ष्यों के हिस्से के रूप में वर्गीकृत नहीं कर सकते।

इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्राथमिकता क्षेत्र के फंड उन क्षेत्रों की ओर निर्देशित हों जिन्हें वास्तव में वित्तीय सहायता की आवश्यकता है, जैसे कि छोटे व्यवसाय, कृषि और समाज के के कमजोर वर्ग। इसने कहा ₹एनबीएफसी से बैंकों द्वारा खरीदे गए सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋण प्राथमिकता क्षेत्र के दर्जे के लिए पात्र नहीं हैं।

## 'अमेरिका से व्यापार समझौते पर भारत को सतर्क रहने की जरूरत', जीटीआरआई की चेतावनी




**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के दौरान भारत को सावधान रहना होगा, क्योंकि अमेरिका में फास्ट ट्रैक ट्रेड अथॉरिटी नहीं होने के कारण समझौते में किसी भी बड़े बदलाव के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेने की जरूरत पड़ सकती है। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने दोनों देशों के बीच व्यापार पर वार्ता शुरू होने के खबरों के बीच यह बात कही है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका की पोस्ट-एफटीए सर्टिफिकेशन प्रक्रिया के कारण, अमेरिका को किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भी फिर से मोलभाव करने का मौका मिल जाता है। बातचीत के दौरान अमेरिकी अधिकारी भारत से घरेलू कानून में बदलाव, नियामकीय सुधार और नीतिगत बदलाव से जुड़े ऐसे मांग कर सकते हैं, जिससे देश की संप्रभुता प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने कहा, भारत को अमेरिका से बातचीत में न केवल कूटनीतिक कौशल दिखाने की जरूरत है। इसके अलावे हमें अमेरिका की व्यापारिक नीतियों में मौजूद कानूनी असमानताओं से भी सतर्क रहना होगा।

### अमेरिका से बातचीत क्यों है भारत के लिए चिंता की बात?

अमेरिका में फास्ट ट्रैक ट्रेड अथॉरिटी नामक प्राधिकरण 2021 से समाप्त हो चुका है। इसके कारण, अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से किए गए किसी भी व्यापार समझौते को कांग्रेस में संशोधन, टलने या अस्वीकृति का सामना करना पड़ सकता है। दूसरी ओर, किसी भी व्यापार समझौते में अमेरिका एकतरफा यह तय करता है कि समझौते के तहत भागीदार देश ने अपनी सभी शर्तें पूरी की हैं या नहीं। अमेरिकियों ने प्रक्रिया का अतीत में कई देशों पर अतिरिक्त शर्तें थोपने के लिए इस्तेमाल किया है। श्रीवास्तव ने कहा, ये दोनों कारण व्यापार समझौते से जुड़ी गंभीर अनिश्चितता पैदा करते हैं। अमेरिका समझौते में बाद में बदलाव कर सकता है या अतिरिक्त मांगें रख सकता है। ऐसे में भारत को एफटीए वार्ता में अत्यधिक सतर्क रहने की जरूरत है।₹ इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 2 अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लगाने की योजना के मद्देनजर, भारत और अमेरिका के अधिकारी बुधवार से व्यापार समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू कर रहे हैं।

# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग हुई। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सर्वाधिक लाभ रहा। आइए जानते हैं शेयर बाजार का विस्तृत हाल। भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को उतार-चढ़ाव के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें बढ़त का सिलसिला सातवें सत्र में भी जारी रहा, हालांकि हाल की तेज बढ़त के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 32.81 अंक या 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,017.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 757.31 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,741.69 अंक पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 10.30 अंक अथवा 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,668.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सर्वाधिक लाभ रहा। जोमेटो में करीब छह प्रतिशत की गिरावट आई, उसके बाद इंडसइंड बैंक में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट आई। अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा भी पिछड़ने वालों में शामिल हैं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, छह दिनों की रिकवरी रैली के बाद, व्यापक बाजार में कुछ मुनाफावसूली देखी गई, विशेष रूप से छोटे और मध्यम आकार के शेयरों में, जहां प्रीमियम मूल्यांकन अभी भी मौजूद है। दूसरी ओर, आईटी क्षेत्र ने लाभ दर्ज किया, जो नरम टैरिफ की उम्मीदों और मूल्यांकन में हाल के सुधार से उत्पन्न सकारात्मक वैश्विक संकेतों से प्रेरित था।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जहाँ एक ओर दुनिया में लोग भूखे मर रहे हैं वहीं हर साल दुनिया का आधे से अधिक खाना फेंक दिया जाता हैं।
- आप मानें या ना मानें पर डाक्टरों की अजीब तरह से लिखने की आदत हर साल 7000 लोगों की जान ले लेती हैं।
- करीब 72% के हैंडल घिसे हुए होते हैं।
- मोमबत्ती के ज्वाला में कई छोटे छोटे हीरे के टुकड़े होते हैं।
- वैसे तो जन्म और मृत्यु पर किसी का नियंत्रण नहीं होता पर चीन में बिना सरकारी इजाजत के किसी का पुर्नजन्म नहीं हो सकता।
- हर वो सिगरेट जिसका धुआं आपके शरीर में जाता हैं आपकी जिंदगी के 11 मिनट कम कर देता हैं।
- धरती के 80% जीव कीड़े मकोड़े हैं।
- माइकल जैक्सन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले में ही मारे गए होते पर वो घर पर सोए ही रह गए और उनकी मीटिंग कैंसल हो गई।
- सुअरों की शारीरिक बनावट ऐसी होती हैं कि वे आकाश नहीं देख सकते।
- कोई नहीं जानता कि अग्निशामक यंत्र का आविष्कार किसने किया क्योंकि इसका पेटेंट आग में जलकर नष्ट हो गया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर- तुम पंछी के बारे में सब जानते हो?
स्टूडेंट- हां
टीचर- अच्छा ये बताओ कौन सा पंछी उड़ नहीं सकता?
स्टूडेंट- मरा हुआ पंछी
दे थप्पड़..... दे थप्पड़।

---

गोलू- तुम क्या काम करते हो?
मोलू- मैं पायलट हूं।
गोलू- कौन सी एयरलाइंस में?
मोलू- अरे मैं शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

---

पत्नी - अरे जरा मेरा मोबाइल चार्जिंग पर लगा दो ना...
पति - अरे रात में चार्जिंग मत लगाओ, मोबाइल ब्लास्ट भी हो सकता है
पत्नी - अरे आप टेंशन मत लो, मैंने मोबाइल की बैटरी पहले ही निकाल ली है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 26 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



प्रकाश राज (अभिनेता)



ऐशनी कोठारी



अंकित शर्मा



अरविंद पंडित



गौतम त्यागी



जितेन्द्र कुमार शर्मा



हरिओम ब्राहमण



भविष्य गर्ग



मयंक आर्य और मनन आर्य



पप्पू चौधरी



पियूष सिंह



रवि कुमार



शमशेर राणा



हिमांशु अरोरा



शिवम शर्मा



समयदीन त्यागी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# राज्य ने खुद को देश की आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया : नरेंद्र कश्यप





8 साल बेमिसाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा ने उत्सव अभियान के तहत भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल बेमिसाल यात्रा को लेकर नवयुग मार्केट स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को साझा किया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आठ साल पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन आज यह देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है। कानून व्यवस्था से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समृद्धि और इंफ्रास्ट्रक्चर तक, सरकार ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। ये 8 साल उत्तर प्रदेश के लिए बेमिसाल और ऐतिहासिक रहे हैं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने 'बीमारू राज्य' की छवि को पीछे छोड़ते हुए देश की आर्थिक शक्ति के रूप में खुद को स्थापित किया है।

### कृषि और ग्रामीण विकास: किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में बड़ा कदम



करंट क्राइम। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए व्यापक योजनाएँ चलाई हैं। पिछले 8 वर्षों में रिकॉर्ड संख्या में किसानों के कर्ज माफ किए गए, सिंचाई सुविधाओं में सुधार किया गया और न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर किसानों को आत्मनिर्भर बनाया गया है।

### बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी: विकास की नई उड़ान

करंट क्राइम। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, और स्मार्ट सिटी के रूप में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। गोरखपुर, कुशीनगर और जेवर जैसे नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे प्रदेश को वैश्विक स्तर पर जोड़ने का काम कर रहे हैं। मेरठ-प्रयागराज, गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट्स ने प्रदेश की कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व तरीके से मजबूत किया है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य: हर नागरिक को बेहतर सुविधाएँ

करंट क्राइम। योगी सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या को बढ़ाया और आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी। साथ ही, सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाया गया, जिससे शिक्षा का स्तर पहले से अधिक मजबूत हुआ है।

### महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण: नारी शक्ति को नई पहचान

करंट क्राइम। प्रदेश में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति और एंटी रोमियो स्क्वाड लागू किया गया। सरकारी नौकरियों और विभिन्न योजनाओं में महिलाओं को आरक्षण दिया गया, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिली।

### पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत का उत्थान

करंट क्राइम। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अयोध्या, काशी और मथुरा को विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण प्रदेश के गौरव को और बढ़ा रहा है।

### कानून-व्यवस्था सुरक्षित और भयमुक्त प्रदेश

करंट क्राइम। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि 8 साल पहले उत्तर प्रदेश की पहचान अपराध और अराजकता से जुड़ी थी, लेकिन आज यह देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में से एक बन चुका है। सरकार ने संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया, माफियाओं पर कार्रवाई की और उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया।

### गरीबी उन्मूलन और सामाजिक कल्याण: सबका साथ, सबका विकास का संकल्प

करंट क्राइम। योगी सरकार ने जीरो पॉवर्टी अभियान चलाया, जिससे लाखों गरीब परिवारों को बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, पीएम आवास योजना के तहत घर, और आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएँ देकर जनता को सशक्त किया गया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इस अवसर पर 8 साल की उपलब्धियां का उत्सव अभियान के तहत होने वाले भाजपा के महानगर की कार्यशाला और मंडल तथा विधानसभा में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की स्थिति जानकारी देते हो कहा कि अब 27 तारीख को प्रेस वार्ता के जरिए सभी उपलब्धियां को विधायकों के द्वारा मीडिया के माध्यम से आम जनों तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सदर विधानसभा विधायक संजीव शर्मा, पार्षद राजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक बॉबी त्यागी ,गुंजन शर्मा, महामंत्री राजेश त्यागी, सौरभ जायसवाल, अमित त्यागी, अश्वनी शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी,करण शर्मा, सोनू भाटी आदि उपस्थित रहे।

# गहरे सदमे में थे खिलाड़ी, फिर संजीव गोयनका ने गजब भाषण से ड्रेसिंग रूम में फैला दी मुस्कान

**विशाखापत्तनम।** आईपीएल 2025 का चौथा मैच इस सीजन का अबतक का सबसे रोमांचक मुकाबला रहा। दिल्ली कैपिटल्स ने आखिरी ओवर में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को सिर्फ एक विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने 209 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम ने आखिरी ओवर में टारगेट को चेज कर लिया। दिल्ली की इस मुश्किल दिख रही जीत के बाद लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### गोयनका ने क्या कहा?

लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका ने हार के बाद भी टीम का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि टीम ने अच्छा खेला और आगे बेहतर प्रदर्शन करेगी। मैच में एक समय लग रहा था कि लखनऊ आसानी से जीत जाएगा। लेकिन आशुतोष शर्मा ने शानदार पारी खेलकर दिल्ली को जीत दिला दी। संजीव गोयनका ने हार को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। गोयनका ने पंत के साथ हार पर बात की। फिर वह टीम के ड्रेसिंग रूम में गए।



### खिलाड़ियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई

गोयनका के भाषण से खिलाड़ियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। गोयनका ने माना कि नतीजा निराशाजनक था। उन्हें लग रहा था कि लखनऊ लक्ष्य को बचा सकता था। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अभी शुरूआत है। खिलाड़ियों ने अंत तक लड़ाई की, जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। गोयनका ने कहा, 'इस गेम से मैं बहुत सारी सकारात्मक चीजें लेता हूं। बैटिंग और बॉलिंग दोनों में हमारा पावरप्ले शानदार था। ये चीजें होती हैं। हम एक युवा टीम हैं। आइए सकारात्मक चीजों पर ध्यान दें और कल से 27 तारीख तक के लिए आगे देखें। उम्मीद है कि हमें बेहतर परिणाम मिलेगा। आज रात निराशाजनक परिणाम है, हां, लेकिन एक शानदार मैच।'

### मैच में हुआ क्या?

ये इस सीजन लखनऊ पहला मैच था और टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। आईपीएल 2024 में लखनऊ सातवें स्थान पर रहा था। इस बार टीम ने अच्छी शुरूआत की है। नवंबर में हुए मेगा-ऑक्शन में टीम ने कुछ अच्छे खिलाड़ी खरीदे थे। मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने तूफानी अर्धशतक लगाए। दोनों ने मिलकर 13 छक्के मारे। इससे एलएसजी 209/8 रन बनाने में सफल रहा। पंत, जो क्ढछ इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं, उन्होंने 6 गेंद में बिना रन बनाए आउट हो गए।

# दुनिया का सारा पैसा मेरा हो तो मैं क्रिकेटर नहीं, ये बनता... दुनिया के सबसे खतरनाक फील्डर का गजब बयान

**नई दिल्ली:** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और मुश्किल कैच लपकने के कारण विश्व क्रिकेट में अपनी खास पहचान बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स का कहना है कि अगर उनके पास दुनिया का सारा पैसा होता तो वह क्रिकेटर के बजाय पायलट बनना पसंद करते। फिलिप्स को उड़ान भरना जुनून की हद तक पसंद है और वह आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेल रहे हैं।



इस ऑलराउंडर ने कहा, यह मेरा बहुत बड़ा जुनून है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया का सारा पैसा होता, तो ईमानदारी से कहूं तो शायद मैं एक पायलट बन गया होता। मुझे हवा में तैरना पसंद है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मा यह 28 वर्षीय क्रिकेटर न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में खेलता है। वह दो सीट वाला सेसना 152 विमान उड़ा चुके हैं लेकिन क्रिकेट में व्यस्त होने के कारण वह अपने इस शौक को पूरा नहीं कर पाते हैं।

फिलिप्स को विश्व क्रिकेट में सबसे चपल क्षेत्ररक्षक माना जाता है। हाल में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने हवा में लहराते हुए मुश्किल कैच लेने की अपनी अद्भुत क्षमता का शानदार परिचय दिया था। उन्होंने इसी तरह से विराट कोहली का कैच लेकर भारतीय बल्लेबाज को हतप्रभ कर दिया था।

फिलिप्स ने इस बारे में कहा, मुझे लगता है कि इसमें निश्चित रूप से एक बड़ा हिस्सा है जो गति और चपलता के नजरिए से आनुवंशिकी पर निर्भर करता है। इसलिए, मुझे लगता है कि आप कह सकते हैं कि यह थोड़ा हद तक मेरी नैसर्गिक प्रतिभा से जुड़ा है लेकिन आखिर में आप अपने कौशल और प्रतिभा के दम पर ही आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा, इसका दूसरा पहलू मेरी कड़ी मेहनत और अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना है। इसलिए अगर मैं कैच छोड़ता हूं तो इसका मतलब यह नहीं है कि मैंने अपनी तरफ से प्रयास नहीं किया। अपने सर्वश्रेष्ठ कैच के बारे में पूछे जाने पर फिलिप्स ने कहा, मैं शायद टी20 विश्व कप (2022) में सिडनी में मार्कस स्टोइनिस के कैच को सबसे ऊपर रखूंगा। वह काफी अच्छा कैच था। मैं मैदान के बड़े हिस्से को कवर करके गोता लगाकर वह कैच लिया था।

# एमएस धोनी खुद को इम्पैक्ट प्लेयर नहीं मानते एक्स्ट्रा बैट्समैन पर भी दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब इम्पैक्ट प्लेयर नियम को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लागू किया गया तो वह इसकी जरूरत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे, लेकिन अब वह इसे टी20 क्रिकेट के विकास के एक हिस्से के रूप में देखते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का यह 43 वर्षीय करिश्माई क्रिकेटर हालांकि खुद को इम्पैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं, क्योंकि वह अब भी अपनी टीम के पहली पसंद के विकेटकीपर हैं। धोनी ने कहा, जब पहली बार यह नियम लागू किया गया तो मुझे लगा कि वास्तव में इसकी जरूरत नहीं है। कुछ हद तक इसने मेरी मदद की और नहीं भी की। मैं अभी विकेटकीपिंग कर रहा हूं इसलिए मैं इम्पैक्ट प्लेयर नहीं हूं। उन्होंने कहा, मुझे इसके अनुसार ही आगे बढ़ना होगा। कई लोगों का कहना है कि इस नियम के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं लेकिन मेरा मानना है कि खिलाड़ियों की सहज होकर खेलने से ऐसा हो रहा है।



इस नियम की भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों ने आलोचना की है। इन दोनों का मानना है कि इससे ऑलराउंडर प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि टीम इम्पैक्ट प्लेयर की भूमिका के लिए आक्रामक बल्लेबाजों को चुन रही हैं। धोनी ने कहा कि इस नियम से टीमों को कड़ी परिस्थितियों में एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं। यह मानसिकता से जुड़ा है। टीमों के पास अब एक अतिरिक्त बल्लेबाज की सुविधा है, इसलिए वे अधिक आक्रामक तरीके से खेलते हैं। धोनी ने कहा, ऐसा नहीं है कि सभी चार या पांच अतिरिक्त बल्लेबाजों का उपयोग किया जा रहा है, यह सिर्फ उस बल्लेबाज के होने से मिला आत्मविश्वास है। टी20 क्रिकेट इसी तरह विकसित हुआ है।

# अक्षर को प्रमोशन, श्रेयस की वापसी लेकिन विराट-रोहित पर चल रहा विवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में महिला क्रिकेटरों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की थी। मेंस टीम के लिए अभी लिस्ट जारी होनी बाकी है, लेकिन अनाउंसमेंट से पहले ही अलग-अलग तरह की अटकलें शुरू हो गई हैं। महिला क्रिकेटरों की लिस्ट में 16 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, वहीं मेंस क्रिकेटरों की पुरानी लिस्ट में 30 खिलाड़ियों के नाम शामिल थे। एक नई खबर सामने आई है कि अ+ कैटेगरी को लेकर बोर्ड के सभी सदस्य सहमत नहीं हैं।

एनडीटीवी में छपी एक रिपोर्ट अनुसार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की सूची राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा तैयार की जा रही है। लिस्ट को तैयार करने के लिए टीम इंडिया के हेड कोच और इउउक सचिव देवजीत सैकिया की सलाह भी ली जा रही है। फिलहाल अ+ कैटेगरी में रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा का नाम मौजूद है। मगर नए अपडेट अनुसार बोर्ड के सभी सदस्य फिलहाल अ+ कैटेगरी में शामिल खिलाड़ियों को रिटेन किए जाने के पक्ष में नहीं हैं।



### ए+ कैटेगरी में कैसे होता है सेलेक्शन?

जो खिलाड़ी तीनों फॉर्मेट खेल रहे होते हैं, उन्हीं में से कुछ मेन खिलाड़ियों को ए+ कैटेगरी में जगह दी जाती है। चूंकि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं, शायद यही कारण है कि उन्हें अ+ कैटेगरी में रखे जाने पर संदेह बना हुआ है। मगर बीसीसीआई में मौजूद एक प्रभावी हस्ती का मानना है कि लिस्ट को वैसे ही रखा जाए, जैसे अभी है।

### अश्विन बाहर, अक्षर पटेल को प्रमोशन

रविचंद्रन अश्विन को इउउक कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर किया जाएगा क्योंकि वो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं हाल ही में भारत की टी20 टीम के उपकप्तान नियुक्त किए गए अक्षर पटेल को बी कैटेगरी से ए में प्रमोट किया जा सकता है। इस सीजन श्रेयस अय्यर 11 ओडीआई मैच खेल चुके हैं, उनकी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में वापसी लगभग तय मानी जा रही है।

# तोड़ा जाएगा ऐतिहासिक 'द गाबा' स्टेडियम



**नई दिल्ली।** ब्रिस्बेन क्रिकेट ग्राउंड, जिसे आमतौर पर गाबा स्टेडियम के नाम से भी जाना जाता है, टूटने जा रहा है। जी हां, इस ऐतिहासिक क्रिकेट स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। ये वही स्टेडियम है, जहां 2021 में ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में यादगार और मैच जिताऊ पारी खेली थी। इस जीत के बाद पूर्व गेंदबाज विवेक राजदान द्वारा बोले गए शब्द टूटा है गाबा का घमंड सभी भारतीय फैंस के दिलों में बस गया था। लेकिन आखिर गाबा स्टेडियम को तोड़ा क्यों जा रहा है? आइए आपको बताते हैं।

गाबा स्टेडियम को पिछले कुछ सालों में अपने पुराने बुनियादी ढांचे और सीमित क्षमता के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इस स्टेडियम को 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स के बाद तोड़ दिया जाएगा। क्वींसलैंड सरकार ने ये एलान किया है कि गाबा स्टेडियम को ध्वस्त करने के बाद विक्टोरिया पार्क में एक 63 हजार सीटों वाला अत्याधुनिक स्टेडियम बनाया जाएगा। ये फैसला ऑस्ट्रेलियाई खेल जगत में एक बड़ा फैसला है।

सरकार के इस फैसले का क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और क्वींसलैंड क्रिकेट ने समर्थन किया है। पहले गाबा स्टेडियम के पुनर्निर्माण करने की योजना बनाई गई थी लेकिन उसे बढ़ती लागतों के कारण रद्द किया गया था। अब फैसला लिया गया कि इसे पूरी तरह ध्वस्त करके नया आधुनिक स्टेडियम बनाया जाएगा।

गाबा क्रिकेट स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का गढ़ माना जाता है। इस स्टेडियम पर ऑस्ट्रेलिया 1988 से कोई टेस्ट नहीं हारा था, जिस रिकॉर्ड को भारतीय टीम ने जनवरी 2021 में तोड़ा था। ये भारत की भी इस मैदान पर पहली टेस्ट जीत थी। ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में 89 रनों की नाबाद पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। उनसे पहले शुभमन गिल (91) और चेतेश्वर पुजारा ने भी इस पारी में शानदार बल्लेबाजी की थी। इस ऐतिहासिक मैच को भारत ने अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में जीता था।

### 3.8 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की लागत से बनेगा नया स्टेडियम

ये स्टेडियम ऐतिहासिक रहा है। यहां कई क्रिकेट मैचों के साथ ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग के मैच भी खेले गए हैं। लेकिन सरकार ने फैसला किया है कि यहां फैसिलिटी को अच्छा किया जाएगा, जो अभी नहीं है। इस स्टेडियम को नए रूप से तैयार किया जाएगा, जो क्रिकेट मैच के साथ अंतर्राष्ट्रीय खेलों और एफएल के मैचों को ध्यान में रखकर किया जाएगा। इस स्टेडियम को बनाने की लागत करीब 3.8 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर होगी।

### गाबा क्रिकेट स्टेडियम के बारे में

इस स्टेडियम का निर्माण 1895 में किया गया था। यहां अभी 37,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। यहां खेल का एरिया 170.6 लंबा और 149.9 चौड़ा है। गाबा में 2 एन्ड हैं, स्टैनले स्ट्रीट एन्ड और वल्चर स्ट्रीट एन्ड। यहां ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल, रग्बी समेत कई अन्य खेल भी खेले जाते हैं।

# टी20 क्रिकेट में जो रोहित शर्मा और विराट कोहली नहीं कर सके, निकोलस पूरन ने वो कर दिखाया

**विशाखापत्तनम।** आईपीएल 2025 के चौथे मुकाबले में भले ही दिल्ली कैपिटल्स ने आखिरी ओवर में रोमांचक जीत दर्ज कर लखनऊ को एक विकेट से हरा दिया हो, लेकिन इस मैच के दौरान लखनऊ के खिलाड़ी निकोलस पूरन ने जबरदस्त पारी के साथ टी 20 क्रिकेट में 'गगनचुंबी' उपलब्धि हासिल की है। लखनऊ के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने वो कर दिखाया, जो टी20 क्रिकेट में भारतीय सूरमाओं में से एक रोहित शर्मा और विराट कोहली नहीं कर सके। यही नहीं, एमएस धोनी भी लिस्ट में नहीं हैं और न ही महान सचिन तेंदुलकर हैं।



दरअसल, निकोलस पूरन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में सात छक्के लगाए और इसके साथ ही उन्होंने पुरुष टी20 क्रिकेट में 600 छक्कों के माइलस्टोन को भी हासिल कर लिया। निकोलस ने अब तक खेले अपने टी20 करियर में 606 छक्के लगाए हैं। इससे पहले ये कारनामा क्रिस गेल कर चुके हैं, जिन्होंने टी20 करियर में 1,056 छक्के लगाए हैं। इसके बाद कायरन पोलार्ड का नंबर आता है, जिनके नाम 908 छक्के मारने का रिकॉर्ड दर्ज है।

आंद्रे रसेल 733 के साथ तीसरे स्थान पर हैं और 606 छक्कों के साथ निकोलस पूरन चौथे नंबर पर हैं। टॉप 4 में सभी बल्लेबाज वेस्टइंडीज से ही हैं। रोहित शर्मा की बात करें तो हिटमैन के नाम 449 मैचों में 525 छक्के दर्ज हैं, जबकि विराट कोहली के नाम 400 मैचों में 419 छक्के ही हैं। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेले गए मैच की बात करें तो इस मुकाबले को दिल्ली ने 1 विकेट से जीता। इस मैच के हीरो आशुतोष शर्मा रहे, जिन्होंने 31 गेंदों में 66 रनों की नाबाद तूफानी पारी खेली। दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में 200 से अधिक रनों के स्कोर को दो बार सफलतापूर्वक हासिल किया है।

इससे पहले दिल्ली ने ये कारनामा पहली बार 4 मई 2017 को गुजरात लायंस के खिलाफ किया था। उस दौरान दिल्ली ने 209 रनों का पीछा किया था। इस मैच के नायक ऋषभ पंत थे, जिन्होंने 97 रनों की शानदार पारी खेली थी। वहीं, दूसरी बार दिल्ली ने ये कारनामा सोमवार (24 मार्च 2025) को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में किया है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। लखनऊ ने 209 रन बनाए थे और बाद में इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने 19.3 ओवर में 211 रन के लक्ष्य को हासिल किया। दिल्ली की तरफ से आशुतोष शर्मा ने 66 रनों की नाबाद पारी खेली।



# प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने किया सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ

## प्रदर्शनी का अवलोकन कर जिला प्रशासन की कार्यशैली को सराहा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कम्पनी बाग में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने सबका साथ-सबका विकास उत्कर्ष के 08 वर्ष नामक पुस्तिका का विमोचन किया। इसी के साथ उन्होंने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का भी फीता काटकर उद्घाटन एवं अवलोकन किया। उन्होने कम्पनी बाग में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गये स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं एवं उत्पादों की जानकारी ली। उन्होने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की गई भव्य प्रदर्शनी की सराहना की। कार्यक्रम के उपरान्त उन्होने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान सरकार के 08 वर्ष की उपलब्धियों एवं जनपद में 08 वर्ष में किए गये विकास कार्यों को बताया। उपस्थित सभी को प्रयागराज महाकुम्भ की सफलता एवं विकास पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।









### आज निवेशकों की पहली पसंद उत्तर प्रदेश : सुनील कुमार शर्मा

**करंट क्राइम।** सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश होने के पथ पर तेजी से अग्रसर है। आज निवेशकों की पहली पंसद उत्तर प्रदेश है जिससे उत्तर प्रदेश जल्द ही 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनने वाला है। प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ ही विद्युत व्यवस्था भी बेहतर हुई है। आमजन को भयमुक्त वातावरण के साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी भी उपलब्ध कराई जा रही है। अपराधियों के विरूद्ध सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे आमजनमानस को स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिगत बेहतर लाभ दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ग को बिना किसी भेदभाव के पूर्ण पारदर्शिता के साथ रोजगार मुहैया कराए जा रहे है। बिचौलियों को समाप्त कर डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक पात्र को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश केन्द्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं में प्रथम स्थान पर है। सरकार द्वारा आईटी क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाए जा रहे है। ओडीओपी के तहत स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में सुशासन एवं सुरक्षा का बेहतर उदाहरण प्रयागराज महाकुम्भ की सफलता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सैनी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### पालिका मार्किट की दुकानों के किराए में बेतहाशा वृद्धि से व्यापारी नाराज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पालिका प्रशासन की ओर से अपनी पालिका की मार्किट की दुकानों के किराये में बेतहाशा वृद्धि किये जाने को लेकर व्यापारियों ने रोष पनपता जा रहा है। हाल ही में हापुड रोड स्थित गांधी मैदान के बाहर बनी दुकानों में दो हजार रुपए की किराया वृद्धि किये जाने को लेकर व्यापारियों ने रोष जाहिर किया हैं। इस सबंध में पालिका चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली ने कहा कि बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद दुकानों में किराया वृद्धि की गयी है। व्यापार मंडल के पदाधिकारी महेश तायल, अमित गोयल, निर्दोष खटाना, संजय गुप्ता, अरविंद जिंदल आदि ने पालिका प्रशासन के इस रैवये को गलत ठहराया है, ओर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली संग बैठक कर पालिका मार्किट के दुकानों की किराया वृद्धि का हल निकालने की बात कही हैं। साथ ही चेताया है कि यदि पालिका ने रवैया नहीं बदला तो व्यापार संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### चोरों ने हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात चोरी किए

**मोदी नगर, करंट क्राइम।** ग्रीनपार्क कालोनी निवासी बृजमोहन अग्रवाल जब बीते दिन अपने परिवार में बीमारी के चलते एक युवक की मौत पर दिल्ली गये थे। इस बीच चोरो ने दिनदहाड़े बंद मकान के ताले तोड़कर चोर हजारों की नगदी व लाखो के जेवरात चोरी कर ले गये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी है।

### सम्पत्ति विवाद में 5 भाइयों ने एक भाई को पीटकर किया घायल



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** छाया पब्लिक स्कूल के सामने रहने वाले पैतृक सम्पत्ति को लेकर भाईयो के बीच विवाद हो गया, जिसका विरोध करने पर पांच भाईयो ने एक भाई को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दे डाली। गोंविदपुरी निवासी श्रवण कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसकी माता पिता की मृत्यु के बाद पैतृक सम्पत्ति को उसके भाई हेराफेरी कर कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं। पालिका में हाउस टैक्स में नाम बदलवाने का प्रार्थना पत्र दिये जाने का जब उसने विरोध किया तो उसके पांच भाईयो ने उसे मारा पीटा ओर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में श्रवण कुमार की ओर से आंनदपुरा निवासी मुकेश कुमार, ब्रिजेश कुमार, नरेश कुमार, राजेंद्र कुमार व राजेश सहित पांच भाईयो के खिलाफ गभीरं धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।




## कब दूर होगा पुलिस ऑफिस का अंधेरा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने के बाद कई तरह के बदलाव और प्रयास हुए हैं। कई व्यवस्था बेहतर हुई हैं, तो कई को ठीक करने का प्रयास हो रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा हो रही है कि कमिश्नरेट पुलिस ऑफिस का कायाकल्प किया गया था यहां लाइट लगाई गई थी ,बाहर नया बोर्ड लगा था लेकिन बीते लंबे समय से ना तो बोर्ड जल रहा है। ना मुख्य गेटों की लाइटें जल रही हैं। रात को यहां अंधेरे का राज रहता है। अंधेरे की वजह से इस मार्ग से अब कम ही लोग निकल रहे हैं। केवल गारद रूम और साइड वाले ऑफिस की लाइटें जलती हैं, जो आसपास पर कोई असर नहीं डालती है। उधर इस अंधेरे की चर्चा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एक कार्यालय में भी शुरू हो गई है। बता दें की बीते कुछ समय पहले ही पुलिस कमिश्नरेट की लाइन में बड़ी संख्या में लाइटें लगवाने के साथ ही खेल के मैदान को दूधिया रोशनी से रोशन और जगमग करने का काम किया गया। तो वहीं लाइन के गेट और अन्य स्थानों पर भी बड़ी संख्या में लाइटें लगवाई गई हैं। इसका मकसद है कि यहां के डार्क जोन को खत्म करने का काम किया जाए। तो अब पुलिस ऑफिस के आसपास की स्थिति कब सुधरती है, इसकी चर्चा शुरू हो गई है। वैसे सूत्र बता रहे हैं इस ऑफिस में अधिकांश समय दिन में ही भीड़ और माहौल रहता है। शाम होते ही है खाली और अंधेरे में डूब जाता है। यही वजह है कि यहां की लाइटों की ओर अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है। बताया जा रहा है की खास अवसरों पर ही यहां की सजावट और रखरखाव पर ध्यान दिया जाता है, पर लंबे समय से मामला ऐसा ही चल रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में जिस तरीके से एक थानेदार के पक्ष में समाज वाले लोग आए हैं, उसको लेकर भी पुलिसकर्मियों में एक नई चर्चा शुरू हो गई है। अब कहा तो यहां जा रहा है कि यह पुलिस के ही द्वारा अंदर खाने प्लांट कराया गया कार्यक्रम था, पर बताया जा रहा है कि कहीं ना कहीं भगवा विधायक को डाउन करने के लिए यह रणनीति अधिकारियों के स्तर से ही तैयार करवाई गई थी। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले कुछ दिनों में अंधेरे को दूर करने के लिए क्या प्रयास होता है और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में खाकी और खादी के बीच चल रहे मामले में क्या हल और फल मिलता है।




# रिहायशी इलाके में शराब के ठेके के विरोध में वसुंधरावासियों ने की बैठक

## कहा, शराब का ठेका किसी भी हालत में नहीं खुलने दिया जाएगा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कुछ दिन पहले ही पता लगा कि वसुंधरा के सेक्टर 2सी में एक शराब का ठेका खुलने का प्रस्ताव है। सभी वसुंधरावासियों ने विरोध किया। इस मीटिंग की अध्यक्षता बीसी जोशी ने की। संचालन वीरेंद्र प्रताप त्यागी अध्यक्ष शिक्षा अपार्टमेंट ने किया। इस मीटिंग में मुख्य रूप से भाग लेने वाले व्यक्तियों में वार्ड 61 के पार्षद आशीष चौधरी भी थे जिन्होंने बताया कि इस बारे में उन्होंने पहले ही मान्य मंत्री सुनील शर्मा से विस्तार से बात की है और मंत्री जी द्वारा सक्षम अधिकारी को फोन करके कहने के बाद आशीष खुद उन अधिकारी से मिलकर आए हैं जिन्होंने आश्वासन दिया है कि रिहाइशी इलाके में शराब का ठेका नहीं खुलेगा। क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी लोगों ने पार्षद आशीष चौधरी के सामने रखा और दोनों तरफ से विचारों का आदान प्रदान हुआ।

इस मीटिंग में मुख्य रूप से हरेंद्र चौधरी जिन्होंने सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया था और सभी लोगों से संपर्क किया था। सभी सोसायटियों से पत्र भी लिखाए उनके साथ रविंदर चौधरी, सोहन वीर, भारतीय जनता पार्टी वसुंधरा मंडल के महामंत्री कांति त्यागी, अरविन्द झा, प्रतीक वार्ष्णेय, नरेंद्र त्यागी शिक्षा अपार्टमेंट के सचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र आर्या, राजेन्दर सिंह, प्रीति जैन, रमा देवतिया, सुषमा, महिला मोर्चा भाजपा कि महानगर मंत्री रेखा त्यागी, दीपा त्यागी, शिक्षा अपार्टमेंट की पूर्व अध्यक्ष अर्चना त्यागी, रूबी सुरेन्द्र त्यागी, आदित्य त्यागी, एमएस त्यागी, डीवी एस नागर, प्रदीप कुमार, शिक्षा अपार्टमेंट के पूर्व अध्यक्ष विनोद त्यागी व पूर्व सचिव राजेश तेवतिया, नीलम त्यागी, दीपा त्यागी, शोभित चौहान, एम. एस॰ राणा, मुकुंद बड़ौला, सुनीता त्यागी, सुमन जैन, ललिता माथुर, दीपाली भटनागर, प्रभा वर्मा, अजीत वर्मा, राजीव महाजन एवं अशोक कुमार और मनोज गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित थे। बाद में यह भी निर्णय हुआ कि शराब के ठेके के विरुद्ध किसी भी स्थिति तक जाना पड़े तो भी सभी लोग तैयार हैं।

पहले शासन और प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा अगर जनता की आकांक्षा पूरी नहीं होती है तो उसके बाद शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन भी किए जाएंगे परंतु रिहाइशी इलाके में शराब का ठेका किसी भी हालत में नहीं खुलने दिया जाएगा।

### पासपोर्ट अधीक्षक के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

#### गाजियाबाद में 6 साल के कार्यकाल में दीपक चंद्रा पर आय से अधिक संपत्ति का मामला, सर्च शुरू




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में सीनियर पासपोर्ट सुपरिटेंडेंट दीपक चंद्रा के खिलाफ सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। पासपोर्ट कार्यालय में तैनाती के दौरान उन पर भ्रष्टाचार के आरोप है। 2018 से 2024 के बीच रीजनल पासपोर्ट कार्यालय में तैनाती के समय आय से अधिक अर्जित की। उनकी आय में 146.43 फीसद की वृद्धि पाई गई। दीपक के राजनगर एक्सटेंशन स्थित फ्लैट पर उइकने सर्च किया है। सीनियर पासपोर्ट सुपरिटेंडेंट दीपक चंद्रा गाजियाबाद में 6 साल तैनात रहे। यहां तैनाती के समय ही उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे थे। बताया जा रहा है कुछ समय पहले उनकी गोपनीय शिकायत की गई, जिसके बाद यह मामला तक पहुंचा। अब उइकने उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। उनके आवास पर भी गोपनीय ढंग से सर्च किया गया। इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। आय से अधिक संपत्ति अर्जित की सीनियर पासपोर्ट सुपरिटेंडेंट दीपक चंद्रा जब गाजियाबाद में पासपोर्ट अधीक्षक के पद पर तैनात थे। तब 1 करोड़ 43 लाख 16 हजार 115 रुपये उन्होने आय अर्जित की। जो उनकी वैध आय के श्रोतों से 85 लाख 06 हजार 900 रुपये अधिक है। दीपक चंद्रा पुत्र रमेश प्रसाद यादव बिहार के पटना के मूल निवासी हैं। जिन्होंने 2015 में पासपोर्ट विभाग में सहायक अधीक्षक 4200 रुपये ग्रेड वेतन पर जोइन किया था। दीपक चंद्रा ने 30 जुलाई 2018 को अपने फ्लैट की बुकिंग राशि का भुगतान किया। और नवंबर 2024 तक बैंक खातों में पैसा जमा किया।

### ट्यूबवैल से मोटर व केबल सहित अन्य सामान चोरी



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक किसान की भूमि पर स्थित टयूबवैल से चोरों ने मोटर, केबल व अन्य सामान चोरी कर लिया। इन्दिरापुरम के मकनपुर में रहने वाले ओमप्रकाश शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उनकी पैतृक कृषि भूमि गांव पलौता है। चोरों ने बीते दिन उनकी टयूबवैल का ताला तोडकर मोटर, केबल व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में टेक महिंद्रा ने किया कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में देश की प्रसिद्ध कंपनी टेक महिंद्रा द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में बी.बी.ए., बी.कॉम., बी.सी.ए., बी.टेक., बीएचएमसीटी, बीएससी (एचएचए), एम.बी.ए. एंड एम.सी.ए. के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरम्भ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे मे कंपनी के अधिकारियों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव में ग्रुप डिस्कशन, ऑपरेशन राउंड और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 12 विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेनजीत कुमार, प्रो० वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. (डॉ०) हरीश तलूजा, निदेशक इंजीनियरिंग, प्रो० (डॉ०) दीपा कंवर, उप निदेशक (मैनेजमेंट), होटल मैनेजमेंट के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) हरवीर सिंह, तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### नाबालिग से गैंगरेप का एक आरोपी गिरफ्तार

#### दुकान से सामान लेने गई थी किशोरी नशीला पदार्थ सुंघाकर किया था अपहरण



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के धौलाना थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धोबी बाड़ा मोहल्ला निवासी नदीम पुत्र अनीस के रूप में हुई है। घटना कस्बा धौलाना की है। पीड़िता परचून की दुकान से सामान लेने गई थी। दो बाइक सवार युवकों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर अगवा कर लिया। आरोपियों ने एक स्कूल के पीछे ले जाकर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घर पहुंचने पर पीड़िता ने परिजनों को पूरी घटना बताई। मामला दो संप्रदायों से जुड़ा होने के कारण क्षेत्र में तनाव का माहौल है। सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। देर शाम तक थाने में भीड़ जमा रही। सीओ अनीता सिंह के अनुसार, आरोपी को पिलखुवा रोड स्थित गन्ना समिति के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अन्य आरोपी की तलाश कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

### एक बोतल शराब खरीदने पर एक बोतल फ्री

#### शराब की दुकानों पर उमड़ी भारी भीड़, 31 मार्च तक चलेगी छूट



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में शराब की दुकानों पर विशेष छूट की घोषणा के बाद से ठेकों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। वित्तीय वर्ष के समापन से पहले एक्साइज विभाग की और से दी जा रही इस छूट के तहत एक बोतल खरीदने पर एक बोतल मुफ्त मिल रही है। जिले की सात चुनिंदा दुकानों पर यह विशेष ऑफर उपलब्ध है। कंपनियां अपना मौजूदा स्टॉक खत्म करने के लिए यह ऑफर दे रही हैं। यह छूट 31 मार्च तक चलेगी, क्योंकि इसी दिन एक्साइज विभाग का वार्षिक लाइसेंस समाप्त हो रहा है। सरकार द्वारा शराब बिक्री के नियमों में किए गए बदलावों के कारण कंपनियां अपना स्टॉक जल्द से जल्द निपटाना चाह रही हैं।

## भाजपा संगठन 14 अप्रैल तक चलाएगा विभिन्न कार्यक्रम

### प्रबुद्ध सम्मेलन से लेकर युवा मोर्चा की रैली और हर विधानसभा में होगा कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश सरकार 8 साल पूरे होने पर इसे 8 साल बेमिसाल बता रही है। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी का संगठन भी इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बूथ और मंडल स्तर पर तैयारी कर रहा है। इसी के साथ भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जानकारी दी है कि इस पूरे कार्यक्रम को 14 अप्रैल तक चलाया जाएगा। 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि भी अर्पित की जाएगी। वहीं 200 से अधिक सेक्टर बनाकर वर्तमान, पूर्व और वरिष्ठ अधिकारियों को जोड़कर इस पूरे आयोजन को सफल बनाने का अभियान चलाया जाएगा।



#### प्रबुद्ध सम्मेलन का भी होगा आयोजन

करंट क्राइम : भाजपा 14 अप्रैल तक चलाए जाने वाले इस कार्यक्रम के तहत प्रबुद्ध सम्मेलन का भी आयोजन करेगी। तो वहीं प्रबुद्ध सम्मेलन में जहां गाजियाबाद के अधिवक्ताओं, शिक्षकों, शिक्षाविद ,पत्रकारों, उद्योगपतियों और प्रमुख आम लोगों को जोड़ने का कार्यक्रम होगा। तो वहीं सरकार की नीति और उसके द्वारा बीते 8 सालों में किस प्रकार से कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। उत्तर प्रदेश में सुशासन वाली स्थिति है, इसको भी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य होगा।

#### प्रत्येक विधायक 27 मार्च को करेगा अपने क्षेत्र में पत्रकारवार्ता

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर और उत्तर प्रदेश की सरकार के 8 साल पूरे होने पर 27 मार्च को सभी विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में भाजपा सरकार और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को जनजन तक पहुंचाने के लिए प्रेसवार्ता आयोजित करेंगे। जिसमें स्थानीय विधायक उनके क्षेत्र में हुए 8 सालों के कार्यों और विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत करेंगे। तो वहीं लोगों से सीधा संवाद भी स्थापित किया जाएगा।

#### स्थापना दिवस पर हर बूथ पर होगा कार्यक्रम

करंट क्राइम : भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा है कि हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को होने वाले स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कहीं पुष्पांजलि होगी, तो कहीं यात्रा निकालने के साथ ही स्वच्छता एवं अन्य लोगों के जुड़ाव वाले कार्यक्रम भी किए जाएंगे। उन्होंने जानकारी दी है इसके साथ ही युवा मोर्चा के पदाधिकारी एक विशाल रैली निकालने का काम करेंगे।

### कार्यशाला




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने प्रदेश की 8 वर्ष की उपलब्धियों पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

### हापुड़ में तापमान 35 डिग्री तक पहुंचा

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** मंगलवार को गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सुबह 8 बजे से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान कर दिया। गर्मी के कारण सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लोग घरों और दफ्तरों में ही रहना बेहतर समझ रहे हैं। बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर भी दोपहर के समय भीड़ काफी कम नजर आई। जो लोग मजबूरी में बाहर निकले, वे छांव की तलाश करते नजर आए। गर्मी से राहत पाने के लिए पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। जूस, शिकंजी, नारियल पानी, मैंगो शेक और गन्ने के रस की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई।

### सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण

# गाजियाबाद में आयोजित हुआ भव्य महोत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कवि नगर रामलीला ग्राउंड में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें सभी विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। गाजियाबाद नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, मुख्य विकास विभाग, पी डब्ल्यू डी, विद्युत विभाग, पी ओ डूडा विभाग द्वारा चल रही योजनाओं तथा आगामी योजनाओं की विस्तृत प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप तथा शहर विधायक संजीव शर्मा ने किया। जिला अधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल व अन्य सभी विभाग के अधिकारी व्यवस्था में जुटे दिखाई दिए।

कवि नगर में आयोजित प्रशासनिक कार्यक्रम में एंट्री गेट पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भव्य रूप से प्रदर्शनी लगाई गई। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि सभी विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई है जिनसे सभी आगंतुक लाभान्वित हो रहे हैं। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्टॉल नंबर 25 26 27 पर ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड, तथा हाउस टैक्स वसूली जानकारी के लिए स्टॉल भी लगाया गया है। इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम की धरातल पर चल रही योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्ट्रीट वेंडर हेतु योजना की जानकारी के स्टाल लगाए गए हैं। उद्यान विभाग द्वारा मॉडल के रूप में वाटिका बनाई गई है जिसमें ओपन जिम बेंच झूले सभी के मॉडल लगाए गए हैं जो की कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे हैं इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा रिड्यूस्ड, रियूज, रीसायकल, की मुहिम के अंतर्गत बनाई गई वस्तुएं जो की वेस्ट से बनाई गई है उनकी प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, जलकल विभाग से केपी आनंद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश व अन्य टीम उपस्थित रही।

### नगर निगम की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। पीओ डूडा विभाग तथा गाजियाबाद नगर निगम की योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी कार्यक्रम में लगाए गए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कार्यक्रम में हुए जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विशेष आकर्षण रहा जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भव्य एग्जीबिशन का आयोजन किया गाजियाबाद नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम की योजनाओं को एग्जीबिशन में विस्तार से दिखाया गया जिसमें स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड व अन्य योजनाओं को प्रशंसा मिली आगंतुकों ने गाजियाबाद नगर निगम की प्रदर्शनी को सराया।

# दिनेश कुमार गोयल ने विद्युत व्यवस्था संबंधी जन समस्याओं का किया निराकरण

### बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे एमएलसी अश्विनी त्यागी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में मंगलवार को गाजियाबाद विकास भवन सभागार में अन्य समिति के सदस्यों के साथ व जिलाधिकारी एवं अन्य विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद गाजियाबाद व हापुड़ के विद्युत विभाग से सम्बन्धी शिकायतों का निराकरण कराया गया। इसमें गाजियाबाद जिले की जैसे गाजियाबाद, मोदीनगर, मुरादनगर, हापुड़ की समस्याएं जो उपभोक्ताओं की थीं उन्हें तत्काल अधिकारियों से उनका समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया। दिनेश कुमार गोयल सभापति द्वारा गाजियाबाद में गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया गया। इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ एमएलसी अश्विनी त्यागी, सलिल विश्नोई सदस्यगण विधान परिषद, संजीव शर्मा विधायक, सुनीता दयाल महापौर व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रान्तिकारी धरा के क्रान्तिकारी विधायक ने इस वक्त बनाया हुआ है क्रान्तिकारी माहौल? हम देख रहे हैं इस मामले में क्रान्तिकारी धरा के कई बड़े चेहरे खामोश हैं? पक्ष और विपक्ष में कोई कुछ भी नहीं रहा है भूल? हमें थी इस बात की जानकारी कि सौम्य मावी जी नए साल से शुरू करेंगे खुद की क्रान्तिकारी पारी? छोड़ेंगे वो भी शब्दों के बाण? मैटर इतना बैटर चल रहा है, आखिर क्यों खामोश हैं अब उनकी जुबान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? जिले में तो होनी थी जाट चेहरे की ताजपोशी? मगर मामला कुछ ऐसा बना कि बिगड़ गई बात? कहने वाले ने कहा राजनीति में कई मामलों में होता है चुप रहने का कायदा? खामोशी से मिलता है कई बार बहुत ज्यादा फायदा? मगर सुना है किसी बात का इन जाट दावेदार ने ही फैला दिया था रायता? फिर क्या था रायता फैला और दूर तक हो गया मामला मैला? सन्नाटा हो गये उनके सारे अरमान? कुछ इस तरह से आया फिर पिक्चर में गुर्जर चेहरे का नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अंदर से पता चली है बात? पुराने संगठन के आठ निष्क्रिय चेहरों का संदेश कोई भगवा योद्धा गोयल साहब तक पहुंचाने का कर रहा है प्रयास? वो करना चाहता है पुराने कार्यकाल के इन सभी आठ चेहरों के निष्क्रिय क्रियाकलापों को शेयर? मगर गोयल साहब इस वक्त बहुत ज्यादा बिजी चल रहे हैं? चाह कर भी वो इस चेहरे से नहीं मिल रहे हैं? ये चेहरा निष्क्रियता की पूरी गाथा का डाटा लेकर बैठा है अपने साथ? ताकि इनमें से कई चेहरे संगठन में स्थान ना बना पायें साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम दे रहे हैं सवाल के माध्यम से एक विधायक को सलाह? वो थोड़ा अपने आस-पास के घेरे को कम करें, तभी होगा कुछ भला? कहने वाले ने कहा उनका जनता दरबार रहता है जोरदार? हर किसी की शिकायत पर उनका फोन अधिकारियों से बात करने के लिए निकल आता है जेब से बाहर? मगर भीड़ में शामिल कुछ चेहरे बैठा रहे हैं खामोशी से पहरे? ऐसा हम नहीं कुछ खास लोग ही इस बात को हैं कह रहे? कहने वाले ने कहा उनको अपना जनसुनवाई वाला दायरा करना होगा छोटा? ना जाने कौन सा सिक्का निकल जाये अचानक खोटा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई कितना ही करे क्रासिंग वाली सिंह मैडम को इग्नोर करने का प्रयास? मगर सिंह मैडम का मामला यहां से लेकर ऊपर तक मजबूत है, ऐसा हमको पता है साहब? जितना उन्हें किया जायेगा कमजोर? उतनी ही वो होंगी मजबूत? सत्ता के गलियारों में उनके परिवार का है मजबूत वजूद? किसी के रोकने से नहीं रूकेगा उनका रथ? ये बात आठ नहीं बल्कि सोलह आने है सच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने क्या हुआ समाजसेवी अग्रवाल जी का वादा? सुना है उन्होंने सुपरकूल नाईसमैन गुप्ता जी का बड़ा सम्मान कार्यक्रम कराने का कभी किया था इरादा? फरवरी में बनाई थी उन्होंने हिंदी भवन में बड़ा सम्मान समारोह करने की योजना? अब तो मार्च का महीना भी बीतने वाला है? क्या उन्होंने बंद कर दिया है इस योजना पर सोचना? कुछ तो रही होगी जरूर वजह? वैसे भी अग्रवाल जी जब तक कोई बड़ा कार्यक्रम ना कर लें? तब तक कहां आता है उनको मजा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कहीं वो पूरे मान से बना ना दे कोई बड़ा रिकार्ड? हम चाहते हैं कि उन्हें अपनी सक्रियता के लिए मिलना चाहिए पार्टी से बड़ा अवार्ड? पश्चिम क्षेत्र के अब तक उन्होंने संयोजक और सहसंयोजक के तौर पर सफल कराये हैं तमाम प्रोग्राम? हर प्रोग्राम में उनको विशेष रूप से जिम्मेदारी मिली है श्रीमान? देखना अब ये है कि पूरे मान से पार्टी गोस्वामी जी का कितना करेगी ध्यान? कुछ तो होगी उस कार्यकर्ता में बात? जिसका हर आयाम में जोड़ा जाता है नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रासिंग वाले श्रीवास्तव भैया ने भगवा योद्धा गोयल साहब की ताजपोशी के बाद बहुत दिनों बाद मारा है ऊभारा? फिर से भगवागढ़ की सक्रिय पॉलिटिक्स में उनका चेहरा दिखने लगा है दोबारा? देखना अब ये है कि भगवा योद्धा उनको अपनी टीम में देंगे कोई स्थान? या फिर पहले की तरह ही हवा हो जायेंगे श्रीवास्तव जी के अरमान? फिलहाल तो उनके चेहरे पर लौटी है बहुत दिनों बाद मुस्कान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा माहौर को विशेष रूप से रखना होगा खुद पर ध्यान? हम बता रहे हैं कि पार्टी के एक प्रमुख चेहरे के रडार पर आ गये हैं? उनको लेकर बनाने वाले बना रहे हैं कुछ परिवर्तन का प्लान? वैसे हम यहां पर एक बार करना चाहते हैं क्लीयर? ये वो माहौर नहीं है जो रहते हैं भगवा राम के दिल के बहुत ही ज्यादा नियर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व सौंफ वाले भगवा कमिश्नर और मिस्टर मीत अपने दिल को ठीक करने के बाद हो गये हैं फिर से एक्टिव? वो गोयल साहब की टीम में पद पाना चाहते हैं इफैक्टिव? दोनों ने फेसबुक से लेकर मिलकर दे दी है गोयल साहब को बधाई? देखना अब ये है कि ये आसानी से पा लेंगे संगठन वाली मंजिल? या पहलवान और पहलवान के दोस्त की मोहब्बत के इफैक्ट देंगे इनके साथ दिखाई?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# भाजपा ने की महानगर कार्यशाला आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 24 मार्च से 14 अप्रैल तक आए आगामी आयामों को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से भाजपा ने 'महानगर कार्यशाला' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम गोल्डन व्यू रिजॉर्ट, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में संपन्न हुआ।

इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता मानसिंह गोस्वामी (भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, पश्चिम क्षेत्र) ने कार्यशाला का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल संग की। इनके साथ बलदेव राज शर्मा, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा आदि मौजूद रहे। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने प्रस्तावना संबोधन से पूर्व कामकाजी बैठक में अपेक्षित श्रेणी में मौजूद महानगर पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मोर्चों, प्रकोष्ठों, विभागों के संयोजक कार्यकर्ताओं का संख्या वृत्त लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा सभी के सम्मान के समान भाव के साथ निरन्तर आगे बढ़ते रहना है। साथ ही साथ संगठन को गढ़ते जाना है।

मुख्य वक्ता मानसिंह गोस्वामी ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल बेमिसाल के तहत उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के सुशासन की बधाई दी। उन्होंने पार्टी के 24 मार्च से 14 अप्रैल तक शीर्ष नेतृत्व से मिले सभी आयामों को सिलसिलेवार विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बिहार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पश्चिम उत्तर प्रदेश में अव्वल आने पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और कार्यकर्ताओं को बधाई दी।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट: चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल के स्वागत समारोह को लेकर छिड़ी जुबानी जंग



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह के स्वागत को लेकर विधायक डॉ0 मंजू शिवाच के कार्यालय पर बैठक बुलाई गयी थी। बैठक में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यवीर राघव ने खुलकर नाम लिये बिना एक पूर्व जिलाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार व उनके क्रियाकलापों को लेकर खुलकर बोला। आखिरकार विधायक डॉ0 मंजू शिवाच को हस्तक्षेप करना पडा। तब जाकर जुबानी जंग पर विराम लगा। इस बैठक में हुई बयानबाजी की चर्चा भाजपा के राजनीतिक गलियारे में जोरशोर से चल रही है। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ ओर 30 मार्च को जिलाध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम पर मोहर लगा दी गयी। उधर, भाजपा संगठन की ओर से गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर 25मार्च की सुबह को जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह के स्वागत करने की घोषणा सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पार्टी के पदाधिकारी से लेकर कार्यकताओं ने अपनी जमकर भडास निकाली। अब देखना यह है कि जिस प्रकार विधायक नंदकिशोर गुर्जर पर पार्टी की मुखालफत का आरोप लगाते हुए नोटिस जारी किया गया है, तो क्या पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों की ओर से जुबानी जंग में बिगड़े बोल को लेकर भी उन्हें नोटिस जारी होंगे या नही। बहरहाल विधायक के यहां आयोजित बैठक इन दिनो चर्चा का विषय बन गयी हैं।

### स्वागत



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा राकेश मार्ग स्थित एन के अग्रवाल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे। कंपनी के चेयरमेन अंकुर अग्रवाल ने शहर विधायक संजीव शर्मा का पटका ओढा कर सम्मान किया।






### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सेक्टर 23 व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल का जन्मदिन सांसद अतुल गर्ग के दिल्ली स्थित आवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल, दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल, यशवर्धन गुप्ता, भूषण यादव, अंकुर गोयल, मनीष दीक्षित, दक्ष पंडित, संजय गोयल ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।